नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 250 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, बुधवार 5 जुलाई 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


पेज -4 पर मोदी के सशक्त नेतृत्व से भारत विकास की राह पर-ओपी चौधरी

एसडीएम ने नगर पंचायत अध्यक्ष को दिलाई शपथ पेज -8 पर

### पहली तिमाही में इस वर्ष के कुल लक्ष्य का करीब 21 प्रतिशत कर संग्रहण

## व्यापारियों एवं व्यावसाईयों को जीएसटी जमा करने के लिए करें प्रेरित - टी.एस. सिंहदेव

### चालू वित्तीय वर्ष में 22 हजार करोड़ राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य, पहली तिमाही में मिला 4512 करोड़ से अधिक

रायपुर। वाणिज्यिक कर मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने आज रायपुर के नवीन विश्राम भवन में विभागीय काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों एवं व्यावसाईयों को जीएसटी जमा करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कर संग्रहण से राज्य का विकास जुड़ा हुआ है। अत- लक्ष्य के अनुरूप जीएसटी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार इसका संग्रहण करें। श्री सिंहदेव ने बैठक में जीएसटी के डिवीजन और सर्किलवार संग्रहण के साथ-साथ इसके सेक्टरवाइज प्राप्तियों की भी समीक्षा की। वाणिज्यिक कर विभाग के सचिव श्री हिमशिखर गुप्ता, आयुक्त श्री रितेश अग्रवाल और विशेष आयुक्त श्री टी.एल. ध्रुव भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।



वाणिज्यिक कर मंत्री श्री सिंहदेव ने चालू वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के मुताबिक जहां कर संग्रहण में कमी है, वहां कमियों-खामियों को दूर कर राजस्व संग्रहण बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में कर संग्रहण की समीक्षा के लिए आगामी अगस्त और सितम्बर माह में भी विभागीय बैठक आयोजित करने को कहा। श्री सिंहदेव ने बैठक में जीएसटी अधिनियम के तहत व्यापार-व्यवसाय से जुड़े अधिक से अधिक लोगों का पंजीयन करने के निर्देश दिए। इससे राज्य का कर आधार बढ़ेगा और राजस्व में बढ़ोतरी होगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अभी जीएसटी के अंतर्गत कुल एक लाख 73 हजार डीलर पंजीकृत हैं। इनमें से 15 हजार

**वाणिज्यिक कर मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने की विभागीय काम-काज की समीक्षा**

पांच करोड़ से अधिक टर्न-ओवर वाले डीलर हैं। वहीं कंपोजिशन का लाभ लेने वाले डीलरों की



संख्या 35 हजार है। वाणिज्यिक कर विभाग के सचिव श्री हिमशिखर गुप्ता ने बैठक में विभागीय अधिकारियों को ज्यादा जीएसटी जमा करने वाले टॉप 100 डीलरों से इसकी प्राप्ति की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिन कमोडिटी क्षेत्रों में कर संग्रहण अपेक्षा के अनुरूप नहीं है, उन क्षेत्रों में इसकी वसूली की गहन समीक्षा करने को कहा।

वाणिज्यिक कर विभाग के आयुक्त श्री रितेश अग्रवाल ने बैठक में बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में 22 हजार करोड़ रूपए कर संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। इस वर्ष की पहली तिमाही (1 अप्रैल 2023 से 25 जून 2023 तक) में 4512 करोड़ 35 लाख रूपए का कर संग्रहण कर लिया गया है जो पूरे वर्ष भर के लक्ष्य का करीब 21 प्रतिशत है। श्री अग्रवाल ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रदेश में कर संग्रहण में 2929 करोड़ 89 लाख रूपए की वृद्धि हुई है जो वर्ष 2021-22 की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत अधिक है। पिछले वित्तीय वर्ष में कुल 17808 करोड़ 66 लाख रूपए की कर वसूली हुई है जबकि 2021-22 में 14878 करोड़ 77 लाख रूपए की राजस्व प्राप्ति हुई थी। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में इस साल पहली तिमाही में पिछले वर्ष की पहली तिमाही की तुलना में गुड्स सेक्टर के अंतर्गत सौर ऊर्जा सेक्टर में 150 प्रतिशत, नॉन-फेरस मेटल्स में 109 प्रतिशत, निर्माण अधोसंरचना में 20 प्रतिशत, इलेक्ट्रिक्ल्स में चार प्रतिशत, टायर्स एवं ट्यूब्स में दस प्रतिशत तथा फॉर्मास्यूटिकल्स एंड मेडिसीन में 56 प्रतिशत ज्यादा जीएसटी प्राप्त हुआ है।

---

प्रधानमंत्री का छत्तीसगढ़ प्रवास

## मुख्य सचिव ने अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली





**रायपुर।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 7 जुलाई को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ प्रवास के संबंध में प्रशासनिक व्यवस्थाओं हेतु मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन में राज्य शासन के प्रमुख अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री के प्रवास पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान विद्युत, यातायात, सुरक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए दिशा निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री के प्रवास पर जिन विभागों के कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं उनके विभागीय अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए है। बैठक में डीजीपी श्री अशोक जुनेजा भी मौजूद थे।

बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी पिल्ले, प्रमुख सचिव गृह मनोज पिंगुआ, राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, स्वास्थ्य एवं उच्च शिक्षा विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव श्री डी.डी.सिंह, नगरीय प्रशासन विभाग के विशेष सचिव अयाज तम्बोली, संचालक स्वास्थ्य जयप्रकाश मौर्य, कलेक्टर रायपुर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, आईजी रायपुर रेंज अजय यादव, आयुक्त नगर निगम मयंक चतुर्वेदी, संचालक जनसम्पर्क श्री सौमिल रंजन चौबे सहित लोक निर्माण, रेल्वे, एयरपोर्ट, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन, भारतीय दूरसंचार निगम सहित अन्य विभागों के अन्य अधिकारी शामिल हुए।




---

**एक नजर**

### पीएम मोदी की सभा की तैयारियों में जुटा मजदूर हादसे का शिकार

गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा के लिए छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में तैयारियां चल रही है. इस सभा के लिए डोम बनाया जा रहा है. मंगलवार को सभा स्थल में डोम से तिरपाल चढ़ाते वक्त मजदूर नीचे गिर गया. मजदूर को गंभीर चोटें आई है. मजदूर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 जुलाई को रायपुर आ रहे हैं. उनके दौरे को लेकर भव्य तैयारियां हो रही है. इसी तैयारी के दौरान मजदूर डोम के ऊपर से फिसल कर गिर गया. घटना के बाद मौके पर मौजूद बीजेपी नेताओं ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

---

## राज्य कैबिनेट की बैठक, कर्मचारियों के हित में सरकार ले सकती है बड़ा फैसला

**रायपुर।** प्रदेश में चल रहे कर्मचारी आंदोलन के बीच छह जुलाई को राज्य कैबिनेट की बैठक प्रस्तावित है। सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार बैठक के लिए सभी विभागों से प्रस्ताव मंगाए गए हैं। छह जुलाई को बैठक हो सकती है। इसमें राज्य कैबिनेट राज्य के कर्मचारियों हित में निर्णय ले सकती है। उल्लेखनीय है कि राज्य में कर्मचारी आंदोलन तेजी से बढ़ रहा है। संविदा और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अनिश्चितकाली हड़ताल पर चले गए हैं। वहीं, कर्मचारी- अधिकारी फेडरेशन और महासंघ ने संयुक्त रुप से सात जुलाई को एक दिवसीय हड़ताल पर जाने का नोटिस दे रखा है। साथ ही एक अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की भी





घोषणा कर रखी है। इनकी चार सूत्री मांगों में महंगाई भत्ता प्रमुख है। इस बीच स्वास्थ्य कर्मचारियों के हड़ताल को लेकर सिंहदेव ने कहा - पंचायत कर्मी के अनुकंपा नियुक्ति और नियमित करण की मांग को लेकर लंबे समय वे संपर्क में हैं, लेकिन नियमों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं होने के कारण उनकी मांग पूरी नहीं हो पा रही है... सूत्रों के अनुसार कैबिनेट की प्रस्तावित बैठक में संविदा कर्मचारियों के नियमितिकरण का फैसला हो सकता है। कांग्रेस ने यह वादा अपने चुनावी घोषणा पत्र में किया था। इसके लिए चार साल से कवायद भी चल रही है। जीएडी सभी विभागों से संविदा कर्मचारियों के संबंध में जानकारी मंगा चुका है।

---

## प्रधानमंत्री के प्रवास की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने की समीक्षा



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शाम अपने निवास कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में प्रधानमंत्री के राजधानी रायपुर आगमन की तैयारियों को लेकर की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू समेत उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

---

शराब घोटाला मामले में चार्जशीट पेश

## ईडी ने स्पेशल जज के सामने 5 आरोपियों के खिलाफ पेश किया 16 हजार पन्नों का आरोप पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सबसे बड़े शराब घोटाले मामले में ईडी ने आज चार्जशीट पेश किया है. ईडी ने 2 हजार करोड़ रुपये घोटाले में 5 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में 16 हजार पन्नों का चार्जशीट दाखिल किया है।

जानकारी के अनुसार, ईडी ने छापेमारी कार्रवाई कर छग आबकारी विभाग में हुए 2 हजार करोड़ रुपए घोटाले का भड़ाफोड़ किया था. इस मामले में ईडी ने अनवर ढेबर, नितेश पुरोहित, पप्पू ढिल्लन, अरविंद सिंह और अरुण पति त्रिपाठी को आरोपी बनाया है. इस मामले में आज ईडी ने रायपुर कोर्ट में स्पेशल जज अजय सिंह राजपूत के सामने आरोपियों के खिलाफ करीब 16 हजार पन्नों की चार्जशीट पेश किया है।






कुछ महीने पहले छत्तीसगढ़ में ईडी ने ताबड़तोड़ छापेमार कार्रवाई की थी. जिसमें ईडी ने एक प्रेस रिलीज जारी करके शराब घोटाले की जानकारी दी थी. ईडी का दावा है कि साल 2019 से 2022 के बीच प्रदेश में बड़ा शराब घोटाला हुआ है. जिसमें 2 हजार करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग के सबूत मिले हैं. उन्होंने अपनी जांच में ये खुलासा किया है कि अनवर ढेबर छत्तीसगढ़ में एक सिंडिकेट चला रहे हैं और उसमें बड़े नेताओं के अलावा सीनियर अफसरों का भी सपोर्ट है. जिसमें एक ऐसा नेटवर्क तैयार किया गया है कि छत्तीसगढ़ में बेचे जाने वाली शराब की हर बोतल पर अवैध वसूली की जा रही थी. इसमें ईडी ने कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की है।

---

7 जुलाई को रायपुर में होगी मोदी की सभा

## प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए पहुंचे एसपीजी के अधिकारी, सभा स्थल पर बनाए जा रहे तीन मंच



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे की तैयारी जोर-शोर से चल रही है. एसपीजी के अधिकारी साइंस कॉलेज मैदान पहुंचे हैं. वहीं पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद हैं. सभा स्थल में सुरक्षा और पीएम के कार्यक्रम को लेकर एसपीजी के अधिकारी भाजपा नेताओं और अफसरों के साथ चर्चा कर रहे। भाजपा नेता ओपी चौधरी ने कहा, 7 जुलाई को पीएम मोदी के दौरे को लेकर एडवांस सिक्योरिटी लाइसनिंग की बैठक हो रही है. एसपीजी, पुलिस के अधिकारी और जिला प्रशासन के साथ बैठक हो रही है. भाजपा के नेता भी बैठक में शामिल हो रहे हैं. पीएम मोदी की सुरक्षा को लेकर बैठक चल रही है। चर्चा के बाद पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा, मोदी की सभा स्थल पर तीन मंच बनाए जा रहे. एक मुख्य मंच में प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री और प्रदेश के प्रमुख नेता बैठेंगे. एक छोटा मंच प्रदेश के प्रमुख पदाधिकारियों, सांसद, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के लिए बनाया जा रहा है. वहीं दूसरा छोटा मंच सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए रहेगा। मूणत ने बताया, बीजेपी महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करेंगे. छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य गीत और परंपरा के अनुसार पीएम का स्वागत किया जाएगा. सभा स्थल पर वीआईपी, मीडिया और आम लोगों के पहुंचने के लिए 12 गेट बनाए जा रहे हैं. कड़ी जांच के बाद पंडाल में प्रवेश दिया जाएगा।

---

## बीजापुर में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़

खूंखार नक्सली कमांडर के कैंप को जवानों ने किया ध्वस्त, 4 से ज्यादा नक्सलियों को लगी गोली

**रायपुर/बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। नक्सलियों की कंपनी-2 के कमांडर वेल्ला मोड़ियाम, डिविजनल कमेटी इंचार्ज राहुल तेलम समेत अन्य हार्डकोर नक्सलियों के साथ जवानों की मुठभेड़ हुई है। पुलिस ने दावा किया है कि, इस मुठभेड़



में 4 नक्सलियों को गोली लगी है। साथ ही हार्डकोर नक्सली कमांडर वेल्ला के कैंप को भी ध्वस्त कर दिया गया है। मौके से भारी मात्रा में विस्फोटक सामान बरामद किया है।

---

## भरोसे के सम्मेलन में प्रियंका की जरूरत क्यों पड़ी-केदार कश्यप

**रायपुर।** प्रदेश भाजपा महामंत्री केदार कश्यप ने भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के छत्तीसगढ़ दौरे पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया को उसकी निराशा का प्रकटीकरण करार दिया है. उन्होंने कहा, कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि भाजपा का छत्तीसगढ़ संगठन खत्म हो गया है इसलिए राष्ट्रीय नेता आ रहे हैं. पहले तो कांग्रेस यह बताए कि, क्या कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, मल्लिकार्जुन खड़गे छत्तीसगढ़



नहीं आएंगे? अगर आएंगे तो क्या छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन खत्म हो गया होगा, तब यहां दौरा करेंगे? जब रायपुर में कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ तब देश भर के कांग्रेस नेता यहां आए. तब क्या कांग्रेस का छत्तीसगढ़ में संगठन खत्म हो गया था? इसका जवाब कांग्रेस तुरंत दे।

प्रदेश भाजपा महामंत्री केदार कश्यप ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रहित और जनता हित के कार्य करती है और अपना रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच ले जाती है. राहुल गांधी की तरह हम छत्तीसगढ़ की जनता से मुंह नहीं छुपाते. छत्तीसगढ़ के चुनाव में राहुल वादे कर गए. वादे पूरे नहीं हुए और दूसरे राज्यों में कहते हैं कि, छत्तीसगढ़ में 200 फूड पार्क बन गए. अमेठी में कहते हैं कि, उनका सपना भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में सच कर दिया. अगर ऐसा है तो राहुल छत्तीसगढ़ में आकर बताएं कि, कौन सा सपना सच हो गया? पूरे छत्तीसगढ़ के कर्मचारी आंदोलित हैं. महिलाएं शराबबंदी लागू होने का इंतजार कर रही हैं. युवा रोजगार के लिए तरस रहे हैं।

---

**हड़ताल...** 24 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चिकालीन हड़ताल पर

## छत्तीसगढ़ में 60 हजार स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल पर

*रायपुर। छत्तीसगढ़ में 4 जुलाई यानी आज से स्वास्थ्य सेवाएं ठप हो सकती है। प्रदेश भर के स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चिकालीन हड़ताल पर रहेंगे। राजधानी समेत राज्यभर के करीब 60 हजार से अधिक कर्मचारी चार जून को 24 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चिकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं।*

इसमें स्वास्थ्य सेवाएं, चिकित्सा शिक्षा, आयुष, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन समेत सभी शासकीय अस्पतालों के कर्मचारी शामिल होंगे। हड़ताल की वजह से अस्पतालों में चिकित्सा सेवाएं बाधित होंगी। रायपुर में तूता स्थित धरना स्थल पर स्वास्थ्य कर्मचारी सुबह 11 बजे से जुटेंगे, जो तीन बजे तक प्रदर्शन करेंगे। इधर प्रदर्शन में जाने से स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पूरी चरमरा सकती है। आंबेडकर अस्पताल, जिला अस्पताल समेत स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्थाएं नहीं की जा सकी है।प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा ने



बताया कि मांगों में वेतन विसंगति दूर करने, संविदा व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण, भत्ता बढ़ाने, वेतनमान में वृद्धि, रिक्त पदों पर भर्ती समेत अन्य मांगें शामिल है।

इसे लेकर स्वास्थ्य सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी व चिकित्सा शिक्षा के सचिव पी दयानंद से चर्चा हुई। शासन को भी इस बारे में अवगत कराया गया। लेकिन सहमति नहीं बनी है। इसके चलते प्रदेश भर के स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल पर जा रहे हैं।संघ के महामंत्री अश्वनी गुर्देकर ने कहा कि शासन निर्देश पर कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर करने समिती बनाकर वेतन सुधार, विसंगति निवारण का प्रस्ताव जो शासन को प्रेषित किया है, उसे मंजूरी देकर तत्काल लागू किया जाए। नर्सिंग ड्रेस धुलाई भत्ता, नाइट ड्यूटी भत्ता, कर्मचारी वर्दी भत्ता, सभी क्लिनिकल स्टाफ को जोखिम भत्ता एवं केंद्र के समान समस्त भत्ते प्रदान किए जाए। वहीं अन्य मांगों को भी शासन जल्द पूरा करे। मांगे पूरी नहीं होने की स्थिति में अनिश्चिकालीन हड़ताल जारी रहेगा। जिला-रायपुर के सीएमएचओ डाक्टर मिथलेश चौधरी ने कहा, हड़ताल को देखते हुए अस्पतालों में व्यवस्थाएं की गई है। चिकित्सक अस्पताल में रहेंगे। निजी नर्सिंग व पैरामेडिकल छात्रों व स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है ताकि व्यवस्थाएं बाधित ना हो। कल मैं सुबह स्वास्थ्य केंद्रों व अस्पतालों का निरीक्षण करूंगा। कोशिश है मरीजों को किसी तरह की समस्याएं ना आए।

# विकासशील देश पहले की तुलना में ज्यादा मजबूत,सक्रिय गुटनिरपेक्षता अब समय की मांग

*यूक्रेन युद्ध का आखिर ब्राजील से क्या वास्ता है? प्रथम द्रष्टया शायद बहुत ज्यादा नहीं। फिर भी ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने, जो अपना तीसरा कार्यकाल (लगातार नहीं) पूरा कर रहे हैं, पहले छह महीनों में पूर्वी यूरोप में शांति लाने की काफी कोशिश की है। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत तथा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ टेलीफोन पर बातचीत शामिल है।*

इसके अलावा, लूला के मुख्य विदेश नीति सलाहकार और पूर्व विदेश मंत्री सेल्सो अमोरिम की शटल डिप्लोमेसी (दो विरोधी गुटों के बीच मध्यस्थ के जरिये होने वाली कूटनीतिक वार्ता) भी गौर करने लायक है, जिसके तहत उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और ब्रासीलिया में उनके विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का स्वागत किया।

संघर्ष में शामिल अलग-अलग पक्षों के साथ यदि ब्राजील बात कर रहा है, तो उसकी एक वजह है। दरअसल, उसने युद्ध में किसी का भी पक्ष न लेने का निश्चय किया है। ऐसा करते हुए वह उस सिद्धांत का पालन करता दिख रहा है, जिसे मेरे सहयोगियों और मैंने सक्रिय गुटनिरपेक्षता कहा है। सक्रिय गुटनिरपेक्षता से हमारा अभिप्राय वैसी विदेश नीति से है, जिसमें विकासशील दुनिया के देश-अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका बड़ी शक्तियों के बीच हो रहे संघर्ष में किसी का भी पक्ष लेने से इन्कार करते हैं और केवल अपने हितों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इस नई गुटनिरपेक्षता और पिछले दशकों में राष्ट्रों द्वारा अपनाई जा रही गुटनिरपेक्षता में फर्क यह है कि नई गुटनिरपेक्षता की बात आज ऐसे समय में हो रही है, जब विकासशील देश पहले की तुलना में ज्यादा मजबूत होकर उभर रहे हैं। अब ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) को ही लें, क्रय शक्ति के मामले में इनका सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आर्थिक दृष्टि से उन्नत राष्ट्रों के जी-7 समूह से आगे निकल गया है। यह बढ़ती हुई आर्थिक शक्ति सक्रिय गुटनिरपेक्ष देशों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सशक्त बनाती है, जिससे उनके लिए नई पहल करना और कूटनीतिक गठजोड़ करना सहज हो जाता है, जिसकी पहले कल्पना



इस नई गुटनिरपेक्षता और पिछले दशकों में राष्ट्रों द्वारा अपनाई जा रही गुटनिरपेक्षता में फर्क यह है कि नई गुटनिरपेक्षता की बात आज ऐसे समय में हो रही है, जब विकासशील देश पहले की तुलना में ज्यादा मजबूत होकर उभर रहे हैं। अब ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) को ही लें, क्रय शक्ति के मामले में इनका सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आर्थिक दृष्टि से उन्नत राष्ट्रों के जी-7 समूह से आगे निकल गया है।

भी नहीं की जा सकती थी। सक्रिय गुटनिरपेक्षता को बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा से बढ़ावा मिला है, जिसे मैं अमेरिका और चीन के बीच उभरते द्वितीय शीतयुद्ध के रूप में देखता हूं। विकासशील दुनिया के कई देशों के लिए वाशिंगटन और बीजिंग, दोनों के साथ अपने आर्थिक विकास, व्यापार एवं निवेश के लिए अच्छे संबंध बनाए रखना महत्वपूर्ण रहा है। इस बढ़ते संघर्ष में किसी एक का पक्ष लेना उनके हित में नहीं है। ऐसी गुटनिरपेक्षता के लिए एक अत्यधिक परिष्कृत कूटनीति की जरूरत होती है, जो प्रत्येक मुद्दे को उसकी खूबियों के आधार पर परखती और दक्षता से फैसले लेती है। जहां तक यूक्रेन युद्ध का संबंध है, सक्रिय गुटनिरपेक्षता का मतलब रूस या नाटो में से किसी का भी समर्थन नहीं करना है। विकासशील दुनिया में ऐसी नीति अपनाने वाला ब्राजील अकेला देश नहीं है। अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के कई प्रमुख देशों ने नाटो का पक्ष लेने से इन्कार कर दिया है। इनमें सबसे प्रमुख भारत रहा है। अमेरिका से बेहतर रिश्ते और क्वाड में शामिल होने के बावजूद भारत ने यूक्रेन पर रूसी हमले की निंदा करने से इन्कार कर दिया और रूस से तेल आयात में काफी बढ़ोतरी भी की है। वास्तव में भारत की स्थिति दर्शाती है कि विश्व वास्तव में विकसित और विकासशील देशों के बीच बंटा है। भारत के अलावा दुनिया के कुछ बड़ी आबादी वाले लोकतंत्रों ने नाटो का पक्ष लेने से इन्कार कर दिया है। अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के लगभग किसी भी देश ने रूस के खिलाफ कूटनीतिक और आर्थिक प्रतिबंधों का समर्थन नहीं किया है। हालांकि इनमें से कई देशों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूक्रेन पर रूसी हमले की निंदा करने के लिए मतदान किया है। 140 से अधिक सदस्य देशों ने बार-बार ऐसा किया है, क्योंकि कोई भी देश एक यूरोपीय युद्ध को वैश्विक युद्ध नहीं बनाना चाहता है। वाशिंगटन इस प्रतिक्रिया से हैरान है। उसने यूक्रेन युद्ध को अच्छे और बुरे के बीच एक विकल्प के रूप में चित्रित किया है, जहां नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का भविष्य दांव पर है। रूस ने नए गुटनिरपेक्ष आंदोलन को अपनी स्थिति मजबूत करने के अवसर के रूप में देखा। जबकि चीन ने युआन की अंतरराष्ट्रीय भूमिका बढ़ाने के लिए अभियान तेज कर दिया है। मेरा मानना है कि सक्रिय गुटनिरपेक्षता क्षेत्रीय बहुपक्षवाद और सहयोग पर उतना ही निर्भर करती है, जितना इन उच्च स्तरीय बैठकों पर। हाल ही में लूला द्वारा ब्रासीलिया में आयोजित दक्षिण अमेरिकी राजनयिक शिखर सम्मेलन ने अंतरराष्ट्रीय पहलों को लागू करने के लिए पड़ोसियों के साथ मिलकर काम करने की जरूरत के बारे में ब्राजील की जागरूकता को दर्शाया है। मिलकर काम करने की जरूरत क्षेत्र के आर्थिक संकट से भी प्रेरित है।

वर्ष 2020 में, लैटिन अमेरिका 120 वर्षों में सबसे खराब आर्थिक मंदी की चपेट में आ गया था। इस क्षेत्र को कोविड-19 के चलते दुनिया में सर्वाधिक मौतों का सामना करना पड़ा।

शिव शरण शुक्ला

## संपादकीय

### विश्व मीडिया में मोदी की यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संयुक्त राज्य अमरीका की यात्रा जानदार और शानदार रही। नगाड़े बजे, लाल कालीन बिछे, तालियों की गडगडाहट के बीच नारेबाज़ी हुई और पुरानी दोस्ती को मजबूत करने की नई शुरूआत के दावे किये गएतो इस सबके बीच में कामकाज भी हुआ। यह सब चार दिनों में हुआ। यात्रा के कई यादगार क्षण थे और कई अच्छी तस्वीरे इकठ्ठा हो गईं हैं जो आगे पीआर के काम आएगी। भारत के कथित 'स्वतंत्र' मीडिया ने यात्रा को जबरदस्त महत्व दिया। ऐसा लग रहा था मानों मीडिया स्वयं चौंधिया गया हो।मीडिया से हमें मालूम हुआ कि न्यूयार्क में होटलों के कमरों में बाईबल की प्रति रखी जाती है! प्रधानमंत्री के भोजन के मेन्यु तक के फोटो और वीडियो प्रकाशित-प्रसारित किए गए। कुल मिलाकर सब प्रसन्न और संतुष्ट थे। बस विलेन था तो केवल अंतर्राष्ट्रीय मीडिया, जिसने आईना दिखाने वाली खबरें देने और संपादकीय लिखने का एक भी मौका नहीं गंवाया। यहां यह याद रखा जाना चाहिए कि प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा सचमुच महत्वपूर्ण थी क्योंकि यूक्रेन युद्ध पर भारत के रवैये और भारत में मानवाधिकारों के उल्लंघन संबंधी चिंताओं के चलते दोनों देशों के संबंधों में कुछ तनाव, कुछ खटास थी। इसके अलावा अमेरिका और दुनिया सभी के लिए चीन का खतरा भी सबके दिमाग में था।

इसलिए आज का मेरा खुलासाहम-आपके नजरिए से नहीं है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया ने मोदी की यात्रा को किस रूप में देखा, किस तरह लिया, इस बारे में है।

# लोक लुभावन योजनाओं का बोलबाला, इनका आर्थिक विकास पर कितना असर?

इन दिनों भारत के कुछ राज्यों में चुनावी समर नजदीक है और उन सभी राज्यों में लोक लुभावन और सामाजिक कल्याण की योजनाओं का जबर्दस्त बोलबाला भी है। क्या ये वर्तमान राज्य सरकारों की एक चुनावी राजनीति है? क्या इनसे राज्यों के आर्थिक विकास को धक्का नहीं लगा है? इस तरह के कई प्रश्न इन दिनों चर्चाओं में हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत सरकार की मुख्य जिम्मेदारी जहां समाज को आर्थिक समृद्धि की तरफ ले जाना है, वहीं मुख्यधारा से वंचितों का आर्थिक कल्याण भी है।

ये एक ऐसी कशमकश है, जिसमें सही रेखा खींचना बहुत जटिल कार्य है, क्योंकि आर्थिक समृद्धि तथा सामाजिक कल्याण, दोनों एक-दूसरे की विपरीत दिशाएं हैं। सभी शत-प्रतिशत आर्थिक समृद्धि को प्राप्त कर लेंगे- यह एक काल्पनिक सोच है, इसलिए लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत जिम्मेदारीपूर्ण रवैया केवल इसी सोच के साथ अख्तियार किया जा सकता है कि आर्थिक नीतियों में पिछड़े व गरीब तबके को सदैव प्राथमिकता मिलती रहे। इस वर्ष के अंत तक देश के चार बड़े राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना में चुनाव होने हैं। ये चारों राज्य भौगोलिक व सामरिक संरचना के हिसाब से जितने महत्वपूर्ण हैं, उतना ही महत्वपूर्ण इनका देश के आर्थिक विकास में योगदान भी है। फिर भी आर्थिक विकास के विभिन्न मापदंडों के हिसाब से इन सभी राज्यों को एक



**वित्तीय घाटा आर्थिक स्थिति का एक ऐसा सार होता है, जिसके विश्लेषण से कई पक्ष उभर कर सामने आते हैं। अब भले राजस्थान व मध्य प्रदेश का वित्तीय घाटा तकरीबन एक जैसा है, पर तुलनात्मक रूप से मध्य प्रदेश राजस्थान से बेहतर स्थिति में है। उसी तरह चाहे तेलंगाना का वित्तीय घाटा चारों राज्यों में तुलनात्मक रूप से सबसे कम है, पर यह नहीं कहा जा सकता कि वह सबसे अच्छी आर्थिक स्थिति में है।**

ही तराजू में तौलकर नहीं देखा जा सकता है। मसलन, यदि राज्यों के वित्तीय घाटे की बात करें, तो चालू वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित की गई तीन प्रतिशत की सीमा से राजस्थान तथा मध्य प्रदेश बहुत आगे दिखते हैं, क्योंकि दोनों में वित्तीय घाटा चार फीसदी अनुमानित है। वहीं छत्तीसगढ़ में तीन फीसदी तथा तेलंगाना में 2.7 फीसदी अनुमानित है, जो कि बेहतरीन आर्थिक स्थिति का प्रतीक है। गौरतलब है कि वित्तीय घाटा आर्थिक स्थिति का एक ऐसा सार होता है, जिसके विश्लेषण से कई पक्ष उभर कर सामने आते हैं। अब भले राजस्थान व मध्य प्रदेश का वित्तीय घाटा तकरीबन एक जैसा है, पर तुलनात्मक रूप से मध्य प्रदेश राजस्थान से बेहतर स्थिति में है। उसी तरह चाहे तेलंगाना का वित्तीय घाटा चारों राज्यों में तुलनात्मक रूप से सबसे कम है, पर यह नहीं कहा जा सकता कि वह सबसे अच्छी आर्थिक स्थिति में है। किसी भी राज्य के आर्थिक विकास की आदर्श स्थिति के अंतर्गत तीन बातें मुख्य रूप से ली जा सकती हैं। एक, पूंजीगत खर्चों का राज्य के कुल खर्चों में अनुपात। दूसरा, बजटे में पूंजीगत खर्चों का वास्तविक क्रियान्वयन और तीसरा, राजस्व खर्चों में प्रतिबद्ध व्ययों का अनुपात। इन पक्षों के आधार पर राजस्थान व मध्य प्रदेश का वित्तीय घाटा एक समान होने के बावजूद अंतर इस बात का है कि मध्य प्रदेश में पूंजीगत खर्च बढ़ाने के मकसद से लिए गए वित्तीय कर्ज पर दिए जाने वाला ब्याज एक मुख्य कारण है। वहीं राजस्थान में प्रतिबद्ध व्ययों का प्रतिशत तुलनात्मक रूप से राजस्व खर्चों में बहुत अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, पूंजीगत खर्चों पर होने वाले व्यय राजस्थान में मात्र आठ फीसदी ही है, इस कारण यह चारों राज्यों में सबसे निचले पायदान पर है। गौरतलब है कि पूंजीगत खर्च बढ़ाना यदि एक राज्य सरकार अपना लक्ष्य रखती है, तो निश्चित रूप से आर्थिक समृद्धि आर्थिक नीतियों में झलकती है, क्योंकि इन खर्चों के जरिये नए रोजगारों का सृजन होता है, महंगाई पर नियंत्रण लगता है तथा मूलभूत सुविधाओं का विकास होता है, जो नए उद्योग-धंधों तथा निजी निवेश को बेहतर तरीके से आकर्षित करता है।

पी. एस वोहरा

## मिला जुला

# वृहद राजस्व शिविर का अधिक से अधिक लोगों को मिले लाभ-कलेक्टर

### किसी भी सोसाइटी में खाद की कमी होने पर तुरंत दे सूचना, आरएईओ की लगाए ड्यूटी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने कहा कि आगामी 6 जुलाई को तहसील कार्यालयों में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहने के साथ राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। उन्होंने कहा कि राजस्व शिविर से अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिलना चाहिए। इस दौरान उन्होंने शिविर में पेयजल के साथ पर्याप्त बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने समय-सीमा के बाहर के प्रकरण पर नाराजगी जताते हुए सभी प्रकरणों को अतिशीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने



विवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को अविलंब पूर्ण करें। कलेक्टर सिन्हा ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने जनशिकायत, जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनचौपाल की विभागवार समीक्षा करते हुए आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि कृषि कार्य के फलस्वरूप खाद की मांग बढ़ गई है। मांग के अनुरूप वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध हैं। उन्होंने सभी एसडीएम, जनपद सीईओ को सोसायटियों के निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी सोसायटी में खाद की कमी होने पर तुरंत सूचना दें, ताकि संबंधित सोसायटी में खाद की पूर्ति की जा सके। उन्होंने आरएईओ की सोसायटियो में ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, जिससे पर्याप्त खाद-बीज सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि खाद-बीज के लिए किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने सभी सीईओ जनपद को वर्मी कंपोस्ट का सोसायटियों में भंडारण के निर्देश दिए, जिससे किसानों को वर्मी आसानी से उपलब्ध हो सकें। कलेक्टर सिन्हा ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की समीक्षा करते हुए स्कूल मरम्मत के कार्यों में तेजी लाने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश आरईएस को दिए। उन्होंने जनपद सीईओ, एसडीएम को निरीक्षण के साथ कार्यों की गुणवत्ता के जांच के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि शिक्षण सत्र प्रारंभ हो गए है, लिहाजा छात्रावास, आश्रम के मरम्मत कार्य में तेजी लाए। उन्होंने सहायक आयुक्त आदिम जाति को ठेकेदारों की बैठक लेने एवं कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी दिनों में होने वाली छत्तीसगढ़ियां ओलंपिक की सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश सीईओ जनपद को दिए।

#### मौसमी बीमारियों के संबंध में स्वास्थ्य विभाग को तैयारी के दिए निर्देश

कलेक्टर सिन्हा ने मौसम के बदलाव को देखते हुए कहा कि मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ सकता हैं। जिसके मद्देनजर सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की बीमारी नहीं फैलानी चाहिए, सभी प्रकार की दवाइयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उन्होंने हाट-बाजार क्लिनिक के नियमित संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न अस्पतालों में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली एवं संबंधित निर्माण एजेंसी को कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने मौसम वेधशाला के निर्माण हेतु जगह चिन्हांकन के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### कूलर से पानी निकालने जिले में चलेगा अभियान

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि वर्षा ऋतु में जल ठहराव डेंगू जैसे बीमारियों का मुख्य कारण है। जनसामान्य ग्रीष्म ऋतु में कूलर के उपयोग पश्चात बारिश में कूलर में रखे पानी को निकालना भूल जाते है, जिससे वहां डेंगू के मच्छर पनपते है।

# कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को करें ब्लैक लिस्टेड-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

नगर निगम एवं जिले के नगरीय निकाय में कार्य लेकर समय पर कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही करें। नगर निगम एवं नगरीय निकायों में सबसे महत्वपूर्ण सफाई कार्य होता है। इसकी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ रात्रिकालीन सफाई भी सुनिश्चित करें। उक्त बातें आज कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित नगरीय निकाय समीक्षा बैठक में कही।

कलेक्टर सिन्हा ने कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी से नगर निगम एवं नगरीय निकाय से संबंधित स्वच्छता, निर्माण कार्य, बाढ़ आपदा रोकथाम, बिजली, पानी, सड़क, नाली आदि मूलभूत सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली। सफाई व्यवस्था पर चर्चा



करते हुए कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि नगर निगम में पर्याप्त सफाई कर्मचारी, स्वच्छता दीदी होने के बाद भी अपेक्षा अनुसार कार्य नहीं हो रहा है। उन्होंने शहर सहित जिले के नगरीय निकायों की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ रात्रिकालीन सफाई भी शुरू करने के निर्देश निगम कमिश्नर एवं नगरीय निकाय सीएमओ को दिए। इस दौरान उन्होंने नगर निगम एवं नगरीय निकाय में जीरो वेस्ट पद्धति अपनाने की बात कही। इसके बाद नगरीय निकाय क्षेत्रों में खाली जगह को चिन्हांकित कर वृहद पौधरोपण करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह रामपुर स्थित लैंड फील्ड साइट को सुसज्जित गार्डन निर्माण करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने की बात कही गई।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि वर्षों से शहर का कचरा जहां डंप हो रहा था। कचरे का पहाड़ कई एकड़ भूमि पर फैला हुआ था उसे बायो लिगसी के तहत मैदान में बदलना अपने आप में बड़ा कार्य है। इसे विरासत के तौर पर पहले और वर्तमान और आने वाले स्थिति के तौर पर सहज कर रखना होगा। इसके बाद कलेक्टर श्री सिन्हा ने जलजनित व मच्छर जनित रोगों के नियंत्रण संबंधित कार्यों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि नालियों के बीच से पानी सप्लाई के भी पाइपलाइन बिछे होते हैं। बरसात में नालियों से पानी के ओवरफ्लो होने पर इसमें पाइपलाइन अटैच होकर गंदे पानी की सप्लाई और उल्टी, दस्त, डायरिया जल जनित जैसे रोग फैलने की बातें सामने रहती है।

# जशपुर विकासखंड के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं व्याख्याताओं ने किया रक्तदान

### जरूरतमंदों को समय में ब्लड की उपलब्धता हो इस हेतु रक्त दान करने की गई पहल

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने जरूरतमंद लोगों को समय में ब्लड की उपलब्धता हो सके। इस हेतु सार्थक पहल करते हुए जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ब्लड बैंक में जाकर रक्तदान करने के निर्देश दिए हैं। जिसके परिपालन में आज जशपुर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एमजेडयू के मार्गदर्शन में जशपुर विकासखंड में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं एवं व्याख्याताओं द्वारा जिला अस्पताल में रक्तदान किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के द्वारा 60 यूनिट रक्तदान करने का लक्ष्य रखा गया





था। अब तक लगभग 40 यूनिट रक्तदान किया जा चुका है। रक्तदान में शिक्षक के अलावा शिक्षिकाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। लब्ड बैंक में 76 लोगों का पंजीयन किया गया था। जिसमें 40 लोगों के अलावा सभी का रक्त की मात्रा कम होने, ब्लड प्रेशर एवं शुगर की समस्या से पीड़ित होने से रक्तदान नहीं कराया गया है। शिक्षा विभाग के अंतर्गत् जशपुर विकासखंड में कार्यरत् कर्मचारियों ने 40 यूनिट रक्तदान किया है। जिसमें रक्तदान करने के लिए दिव्यांग शिक्षकों के साथ.साथ महिला शिक्षिकाएं भी पहुँची। इस दौरान सभी रक्तदान करने वाले शिक्षक.शिक्षिकाओं को पूर्व माध्यमिक शाला बैगा टोली के शिक्षिका राधिका भगत द्वारा रक्तदान करने के पश्चात एनर्जी ड्रिंक दिया गया।

# जिले में अब तक लगभग 7 लाख 20 हजार लोगों का बनाया जा चुका आयुष्मान कार्ड

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनान्तर्गत जिले में छूटे हुए हितग्राहियों विगत दिवस 3 जुलाई 2023 को अभियान चलाकर एक दिवस में 27585 आयुष्मान कार्ड बनाया गया। जिसमें से बगीचा विकासखंड में सर्वाधिक 6768 कार्ड बनाया गया है। इसी प्रकार पत्थलगांव विकासखण्ड अंतर्गत् ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता मुरलीधर साहू द्वारा सबसे अधिक 166 एवं



च्वाईस सेंटर संचालक अल्फ़ाज हुसैन द्वारा बगीचा विकासखण्ड के कवई ग्राम पंचायत में 250 आयुष्मान कार्ड बनाया। ज्ञात हो कि जिले में अब तक लगभग 7 लाख 20 हजार लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। अब तक जिले के 67,044 हितग्राहियों द्वारा विभिन्न बीमारियों में आयुष्मान कार्ड से निशुल्क ईलाज प्राप्त किया है। वही 60 हितग्राहियों द्वारा राशि 11837192 का ईलाज मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से 5 लाख से अधिक की बीमारी का ईलाज आयुष्मान कार्ड के माध्यम से प्राप्त किया है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कांसाबेल में 86.5 प्रतिशत, दुलदुला 82.2 प्रतिशत, फ रसाबहार 81.93 प्रतिशत, कुनकुरी 81.11 प्रतिशत, पत्थलगांव 80.94 प्रतिशत, जशपुर 79.5 प्रतिशत, बगीचा 75.24 प्रतिशत एवं मनोरा 72.85 प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। अब भी लगातार ग्रामीण उद्यमी ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता, रोजगार सहायक, एनआरएलएम के अंतर्गत स्वास्थ्य सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपने क्षेत्र अंतर्गत गांव-गांव में घर-घर घूम कर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

# 7 जुलाई को सुबह 10 बजे से जिला ग्रंथालय में होगा कैरियर गाइडेंस

### सहायक कलेक्टर युवराज मरमट छात्रों को देंगे मार्गदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल से जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक शुक्रवार को जिला ग्रन्थालय में कैरियर गाइडेंस सेशन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारी छात्रों से रूबरू होकर अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को सफलता के टिप्स दे रहे है। इसी क्रम में आगामी शुक्रवार 7 जुलाई को सुबह 10 बजे से जिले में सहायक कलेक्टर के पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी युवराज मरमट छात्रों के बीच होंगे। जहां वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को मार्गदर्शन देंगे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिन्हा की विशेष पहल पर रायगढ़ जिला में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी एवं रोजगार के अवसरों के लिए विशेष मार्गदर्शन एवं कोचिंग कक्षायें जिला ग्रंथालय रायगढ़ में संचालित किए जा रहे हैं, इसके साथ ही वर्तमान में जिला ग्रंथालय रायगढ़ में पीएससी की कोचिंग कक्षायें भी संचालित हो रही हैं।







# रश्मि नर्सिंग होम में जच्चा-बच्चा मौत मामले डॉक्टर को 3 महीने बाद भी नहीं किया निलंबित, कहीं खानापूर्ति तो नहीं

**रश्मि नर्सिंग होम जच्चा-बच्चा मौत मामले में जिला चिकित्सालय के डॉ रश्मि कुमार का काफी अहम भूमिका, निलंबित करने में भी 50 अंकों लग गए 3 महीने**

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

जिला मुख्यालय सूरजपुर से लगे 3 किलोमीटर दूर तिलस्वा में स्थित रश्मि नर्सिंग होम में जच्चा-बच्चा मौत मामले में 3 महीने बाद नया अपडेट आया है। जिसमें जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ रश्मि को निलंबित कर दिया गया है जो अपने ड्यूटी टाइम में जिला चिकित्सालय में काम करने के बजाय नर्सिंग होम में काम करती थी। इलाज के दौरान ही नर्सिंग होम में जच्चा-बच्चा मौत मामला भी सामने आया था जिसे लेकर लग रहा था कि डॉक्टर रश्मि को बर्खास्त किया जाएगा पर 3 महीने के लंबे इंतजार के बाद सिर्फ निलंबन की कार्यवाही की गई है अब देखना यह होगा कि इससे परिजन कितने संतुष्ट होते हैं या फिर आगे भी कड़ी कार्यवाही की मांग करते हैं। ज्ञात हो कि जिले के चर्चित रश्मि नर्सिंग होम में हुए जच्चा बच्चा मौत के मामले में 3 महीना बाद विवादित महिला चिकित्सक को राज्य शासन ने निलंबन की कार्यवाही कर संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ सेवाए अंबिकापुर में अटैच किया है। इस कार्यवाही पर परिजनों ने असंतोष जाहिर करते हुए बर्खास्तगी की मांग की है।

## यह पूरा मामला

विदित हो कि कोरिया जिला के ग्राम



खाडा निवासी महेंद्र साहू ने अपनी पुत्री मृतिका पूजा साहू उम्र 22 वर्ष का विवाह 3 वर्ष पूर्व ग्रामनारायणपुर निवासी राम नारायण साहू से विवाह हुआ था। मृतिका का प्रसूती होने के कारण परिजनों ने सोनोग्राफी दिनांक अनुसार 3 अप्रैल को जिला असपाल में भर्ती कराया गया था। जहां ईलाज नहीं होने पर परिजनों द्वारा 4 अप्रैल को अम्बिकापुर निजी अस्पताल में ले जाया जा रहा था। इस दौरान डॉ. रश्मि कुमार द्वारा बरगला कर ग्राम तिलसुवा में संचालित अवैध नर्सिंग होम ले गई जहां इलाज केदौरान 5 अप्रैल को जच्चा बच्चा की मौत हो गया था। परिजनों ने जमकर हँगामा किया था। जिसका समाचार प्रमुख्ता से प्रकाशितकिया गया था। स्वास्थ्य विभाग के यालाय अफ सरों ने मामले में संज्ञान लेकर 5 सदस्यीय जांच टीम गठित किया था। जांच टीम द्वाराजांच




*** शहर में चर्चा का विषय बना, निलंबित नहीं बर्खास्त होना था पर निलंबित करना कहीं उसे बचाने का प्रयास तो नहीं**

*** विभाग ने डॉ. रश्मि को दोषी मानते हुए उसे निलंबित करने की कार्यवाही की**

के प्रथम दृष्टियां में लापरवाही प्रतीत हुआ था। जिस कारण अस्पताल में कार्यरत 2 स्टाफ नर्स पर निलंबन की कार्यवाही की गयाथा। जिसके बाद से डॉ. रश्मि स्त्री रोग विशेषज्ञ पर निलंबन की मांग किया जा रहा था। जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा पत्राचार कर उच्चकार्यलाय को प्रेषित किया था। जिस पर स्वास्थ्य विभाग के मंत्रालय के अपर सचिव द्वारा 30 जून को निलंबन किया है। निलंबनअवधि तक स्वास्थ्य विभाग के जेडी कार्यलाय में अटैच किया गया है। विभागीय जांच चल रहा है। जिसके उपरांत अन्य कार्यवाही कीबात सामने आएगी।

## परिजनों की शिकायत पर थाने में हुआ था मामला पंजीबद्ध

इस मामले में परिजनों ने थाना कोतवाली में लिखित शिकायत देकर नर्सिंग होम संचालिका डॉ रश्मि कुमार इनके पति सहित अन्यनर्सिंग होम संचालक पर आईपीसी 302 का अपराध दर्ज करने की मांग किया गया था। किंतु पुलीस विभाग भी दबाव में आकर कड़ीमशक्कत के बाद 304 का अपराध दर्ज किया था। इस कार्यवाही से मृतिका के पिता महेंद्र साहू ने असहमति दर्ज कराई है। इन्होंने कहा कि एक बच्चे व मां की जान डॉ. की लापरवाही से गया है। जिसका साक्ष्य सभी के सामने होने के बाद भी 3 माह के बाद शासन नेनिलंबन की कार्यवाही की है। जबकि शासन को डॉ. रश्मि कुमार को सेवा से बरखास्त करना चाहिए था तभी मेरी पुत्री के मृत आत्मा कोशांति पहुंचेगी।

## क्यों नहीं हुई बर्खास्तगी की कार्रवाई

रश्मि के निलंबन आदेश आने के बाद अब लोगों के जेहन में एक बड़ा प्रश्न उठने लगा है कि जब मामला इतना बड़ा था और जच्चा-बच्चा मौत से जुड़ा हुआ था। साथ ही एक सरकारी डॉक्टर का निजी नर्सिंग होम में इलाज करना कोई नर्सिंग होम एक्ट के तहत नियम विरुद्ध नहीं था कई तरह से डॉ. रश्मि पर सवाल खड़े हो रहे थे पर इसके बावजूद लोगों को लग रहा था कि उनके ऊपर बर्खास्तगी की कार्रवाई होगी पर अंततः 3 महीने बाद निलंबन की कार्यवाही होने से लोगों के मन में यह सवाल खड़ा हो रहा है क्या उन्हें बचाने का प्रयास हो रहा है और आखिर यदि बचाने का प्रयास हो रहा है तो क्यों हो रहा है यदि उन्हें इस बार बचाया गया तो आने वाले समय में कई तरह के डॉक्टर भी ऐसा ही करेंगे ऐसा अंदेशा हो सकता है।

## एक नजर

### बुनकर प्रकोष्ठ बैठक संपन्न हुए

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




भाजपा जिला शक्ति बुनकर प्रकोष्ठ का बैठक भाजपा जिला कार्यालय शक्ति में संपन्न हुए, भारत माता के तैल चित्र पर धूप दीप कर कार्यक्रम आरंभ किया,बुनकर प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुमत लाल देवांगन ने सभी बुनकर पदाधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रभारी हेतराम देवांगन ने सभी नव पदाधिकारियों का स्वागत एवं शुभकामनाएं दी तथा बुनकर प्रकोष्ठ को मजबूती करने के लिए केंद्र के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी ने बुनकरो के जीवन के उत्थान के लिए बुनकर समग्र योजना के बारे में बारीकी से कार्यकर्ताओं के बीच में रखें तथा मोदी जी के ९ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत बुनकर पदाधिकारियों को हर घर जन संपर्क कर समर्थन लेने का आग्रह भी किया। एवम हम सभी को सामाजिक सोच की दायरा को बढ़ाना चाहिए, समाज के सामाजिक कुरीतियों से निपटने के लिए राजनीतिक क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व लाने के मांग पर जोर देने का प्रयास होना चाहिए, ताकि समाज का विकास हो सके इसलिए हम सबको संगठित होकर समाज में एकजुटता होनी चाहिए ताकि हम अपनी हक की मांग को प्राप्त कर सकें,कार्यक्रम के संचालक भोलाराम देवांगन कार्यक्रम में उपस्थित बुनकर प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक दुए सुरेश देवांगन, तुलेश्वर देवांगन,बंशी लाल देवांगन,विष्णु प्रसाद देवांगन, शिवचरण देवांगन, रामेशकुमार देवांगन, विजय देवांगन,नरेश देवांगन आदि उपस्थित थे।

### कलेक्ट जनदर्शन में मिले आवेदनों का तत्काल निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश

जनदर्शन में 45 आवेदन हुए प्राप्त

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन करते हुए एवं नियमानुसार कार्रवाई कर निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में रूकमेन यादव, रामसाय, कुमतिया, फुलमत, रामनाथ, रोषनी, सोनमेत, ज्वाला सिंह, केश्वर मिश्रा आदि ने भूमि स्वामी को पट्टा दिलाने बावत मकान निर्माण कार्यो में रोक लगाने के संबंध में, पक्का मेड़, राशन कार्ड, आवागमन हेतु सड़क मार्ग, शौचालय निर्माण, नामांतरण कराने बावत् कार्य संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने विधवा पेंशन संबंधी आवेदन का जांच कर निराकरण करने निर्देशित किया। जनदर्शन में श्रमिक पंजीयन, ऋण पुस्तिका संबंधी आवेदन भी प्राप्त हुए उसे निराकरण करने कहा। उन्होंने गलत पट्टा वितरण संबंधी आवेदन पर न्यायालय में अपील करने समझाइश दी। उन्होंने बटवारा, नामांतरण, सीमांकन संबंधित प्रकरण के आवेदनों को संबंधित कार्यालय में आवेदन करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, एडीएम नरेंद्र पैंकरा, संयुक्त कलेक्टर डॉ. प्रियंका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर उत्तम रजक, आकांक्षा त्रिपाठी, एसडीएम रवि सिंह, दीपिका नेताम, सागर राज सिंह, नन्दजी पाण्डेय एवं विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की मांग एवं शिकायत

*अधिकारियों को शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-बलरामपुर।




संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभा कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। शासन के मंशानुरूप आमजनों के समस्याओं का प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। जनदर्शन में मांग और शिकायत के संबंध में 24 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने संबंधित अधिकारियों आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। जनदर्शन में ग्राम सुर्रा निवासी नैनमती सिंह के द्वारा पेंशन आदायगी आदेश की वास्तविक उत्तराधिकारी की प्रपत्र के सत्यापन, ग्राम लोधापारा के समस्त निवासी द्वारा पुलिया निर्माण, ग्राम मुरका निवासी शिवनारायण के द्वारा राजस्व अभिलेख के संबंध मेंए ग्राम नवाडीह निवासी अनिता यादव के द्वारा विधिक सहायता प्रदान करने, ग्राम झारा निवासी हीरा प्रसाद के द्वारा मुआवजा राशि प्रदान करने, ग्राम चउरा निवासी लालचंद के द्वारा जाति प्रमाण पत्र नहीं बननें, ग्राम हरिहरपुर के समस्त ग्रामवासी द्वारा विद्यालय के मार्ग में पुलिया निर्माण कराने, ग्राम सरगावां निवासी प्रियांका मिंज के द्वारा आंगनबाड़ी कार्याकर्ता के पद पर नियुक्ति कराने, ग्राम केसारी निवासी रामसूरत के द्वारा वनभूमि पट्टा दिलाने तथा ग्राम जोकापाठ निवासी सुनिल यादव के द्वारा भूमि विवाद के संबंध में, तथा अन्य विषयों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये गये थे। प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर एक्का ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

# पेंशन आदेश के साथ 6 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

62 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर लेने वाले कर्मचारियों को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा पेंशन आदेश एवं शाल श्रीफ ल देकर विदाई दी गई साथ ही सभी को जीवन के अगले पड़ाव के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि सेवानिवृत्ति हर अधिकारी-कर्मचारी के लिए एक सतत प्रक्रिया है। एक दिन सभी को निर्धारित तिथि अनुसार सेवानिवृत्त होना होता है। कलेक्टर ने जिला कोषालय अधिकारी द्वारा किए नवाचार जिसमें की सेवानिवृत्त-कर्मचारियों को सेवानिवृत्त तिथि को ही पेंशन आदेश प्रदान किया जा रहा है। प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रशंसा की। सेवानिवृत्त कर्मचारियों में सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं कोरिया में पदस्थ सहायक ग्रेड 01




गंगाराम, कार्यालय सिविल सर्जन बैकुण्ठपुर के सहायक ग्रेड 01 अनूप साय, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बैकुण्ठपुर के प्रधान पाठक रामगोपाल कुशवाहा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सोनहत के लेखापाल विशुन देव, जल संसाधन विभाग बैकुण्ठपुर की सहायक ग्रेड 02 बेरथा अन्थोनी एवं भृत्य राम आशिष सिंह शामिल थे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल सिदार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुण्ठपुर अकिंता सोम, जिला कोषालय अधिकारीवीजी उपगड़े सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



# घर के बाड़ी लगा रखा था गांजा का पौधा पुलिस के मुखबीर ने कर दिया खबर युवक चला गया जेल

10 नग मादक पदार्थ गांजा के पौधा सहित 1 गिरफ्तार, थाना प्रतापपुर पुलिस की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग व पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने जिले में नशीले पदार्थ के क्रय.विक्रय पर अंकुश लगाने एवं अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने को लेकर पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है जिसके बाद लगातार ऐसे कारोबारियों पर कार्यवाही जारी है। बीते दिन थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम





भरदा निवासी लोकनाथ सिंह अपने बाडी में अवैध मादक पदार्थ गांजा का पौधा लगाया है जिसकी सूचना से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराए जाने पर उन्होंने तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुखबीर सूचना की तस्दीकी व कार्यवाही हेतु मौके पर पुलिस टीम पहुंची जहां लोकनाथ सिंह पिता स्व. गणेश सिंह उम्र 38 वर्ष को तलब कर उसके बाड़ी से 10 नग गांजा का पौधा कीमत 1,54,272 रूपये का पाए जाने पर उसे जप्त कर धारा 20(ए)आई एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर किशोर केरकेट्टा, एसआई नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, घुनेश्वर केरकेट्टा, भूपेन्द्र पोर्ते, सरिता टोप्पो, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, अवधेश कुशवाहा, हरिचंद दास, निरंजन व रामपाल सक्रिय रहे।

# भूपेश सरकार का कारनामा व्यापम परीक्षा में बिना बैठे पास हुए - ओपी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने भूपेश सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए पूछा कि सहायक शिक्षक परीक्षा के लिये 10 जून को जारी विज्ञापन में स्वयं व्यापम ने 1,46,176 अभ्यर्थियों की उपस्थिति बताई थी। लेकिन 2 जुलाई को जारी परिणाम में 1,46,275 अभ्यर्थी बताए गाये है। भूपेश सरकार बताए कि परीक्षा में बिना बैठे ही 99 अभ्यर्थीयों का




परिणाम कैसे आ गया। भाजपा नेता ने कहा भाजपा द्वारा सीबीआई



**व्यापम में हुए गड़बड़ी को ओपी चौधरी ने उजागर किया**

जांच की मांग पर भूपेश सरकार सबूत मांगती है। परिक्षा में बिना बैठे ही आखिर 99 अभ्यर्थी पास कैसे हो गए। परीक्षा में शामिल हुए ही बिना ही पिछले दरवाजे से इन्हे नियुक्तियां मिल जायेगी। ऐसे मामले भर्ती में माफिया के दखल के संदेहों को मजबूत करते है। ओपी ने कहा भूपेश सरकार के कार्यकाल के दौरान व्यापम की परीक्षाओं में बड़े पैमाने में गड़बड़ियां हुई है और छत्तीसगढ़िया भाई बहनों के हक को मारा गया है । प्रदेश की जनता भूपेश सरकार को ऐसे गुनाहों के लिए कभी माफ नहीं करेगी।

# जिले में निरंतर चलेगा मतदाता जागरूकता अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के दृष्टिगत सूरजपुर जिले में मतदाता जागरूकता अभियान को सुव्यवस्थित संचालित करने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वीप नोडल सुश्री लीना कोसम के अध्यक्षता मे एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका गुप्ता की उपस्थिति में जिला स्तरीय स्वीप कोर समिति की बैठक आयोजित की गई। स्वीप नोडल अधिकारी द्वारा सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारीयों को शाला प्रवेश उत्सव में, हाट बाजारों में, छत्तीसगढ़ ओलम्पिक, हरेली त्योहार कार्यक्रम में आयोजित कर मतदाता शपथ दिलाने के निर्देश दिये। कॉलेज, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में 18 वर्ष से ऊपर पात्र विद्यार्थियों को मतदाता पंजीकरण फ र्म.06 भराकर मतदान हेतु सहभागिता करने के निर्देश दिये गये। अधिकारियों को मतदाता जागरूकता हेतु साप्ताहिक कार्यक्रम बनाकर अभियान में आयोजित करने के निर्देश दिये। इस हेतु कॉलेज, स्कूल में मतदाता जागरूकता रैली, मानव श्रृंखला, रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता कराकर मतदाताओं के मध्य प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। सभी पात्र दिव्यांग व्यक्तियों को मतदाता के रूप में पंजीकृत किये जाने के निर्देश दिये। जिसमें सूरजपुर जिले के सभी कॉलेजों के प्रोफेसर नोडल अधिकारी, सभी छः विकास खण्ड के विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी, साक्षर भारत, एनसीसी, एनएसएस अधिकारी, दिव्यांग आईकोन परमेश्वर यादव और स्वीप से जुड़ें नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# सारबिला सी-मार्ट छत्तीसगढ़िया मॉल में जिले के अधिकांश उत्पाद

बिहान और रीपा के स्वसहायता समूहों के उत्पाद को मिला विक्रय केन्द्र

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में बिहान एवं रीपा की सहायता से गांव और शहर की घरेलू महिलाओं द्वारा स्वसहायता समूह, संगठन या लघु उद्योग के रूप में उत्पाद किए जा रहे हैं। इन उत्पादों को विक्रय के लिए राज्य सरकार द्वारा जिलों में सी-मार्ट व्यावसायिक दुकान का संचालन कराया जा रहा है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले अंतर्गत सारबिला सी-मार्ट छत्तीसगढ़िया मॉल कलेक्टोरेट सारंगढ़ के सामने साप्ताहिक बाजार में संचालित हो रहा है। इसमें जिले के स्वसहायता समूहों द्वारा बनाए गए अधिकांश उत्पाद सहित अन्य आवश्यक




उत्पादों का विक्रय किया जा रहा है। इन सामग्रियों में चावल, आटा, दाल, नमक, शक्कर, गुड़, तेल, जिसमें समूह के उत्पाद ब्लैक और ग्रीन राइस हाइजेनिक, दावत, मोंगराफूल और व्हाइट प्लेटिनम के चावल, विष्णु भोग, सिल्वर पाइंट और फार्चून का आटा, मूंग, राहर, चना, मटर और मसूर दाल, सोयाबीन, सफर्, साबुन, शैम्पू, तेल, ब्रश, अनिक और डालडा घी, पोहा, साबूदाना, अगरबत्ती, बेकरी केक, पाव रोटी, बिस्किट, दोना पत्तल, मिठाई डिब्बा, मूंगफली, छत्तीसगढ़ी खाद्य व्यंजन खुरमी, अइरसा, मूंग दाल, गुझिया, मुरकू पैकेजिंग में, तिल लड्डू, आलू चिप्स, अचार, चावल पापड़, नमकीन, चारकोल आदि उपलब्ध हैं। इसके साथ-साथ व्यावसायिक उपयोग में चप्पल, महिलाओं के लिए पर्स, थैला, बैग, पेंसिल बॉक्स, हेयर पिन, हेयर क्लिप।

घर के झाड़ू-पोछा आदि के लिए वाइपर, ड्राइमोप, इजी मोप, गैलेक्सी मोप, डस्ट क्लीनर मोप 1 व 2, कोटक मोप, जाला झाड़ू, म्यूजिक झाड़ू, बकेट मोप आदि उपलब्ध है। इन उत्पादों में अधिकांश जिले के स्वसहायता समूह, संगठन, गृह उद्योग, महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा छिंद और गोड़म के द्वारा बनाया गया है। इन समूहों में छाया स्वसहायता समूह अण्डोला, राधाकृष्ण स्वसहायता समूह, अन्नपूर्णा स्वसहायता समूह रिसोड़ा बरमकेला, गोपी स्वसहायता समूह कपिस्दा-अए जिया गृह उद्योग चुरेला,इशा स्वसहायता समूह कोसीर आदि के नाम शामिल हैं। रीपा केन्द्र छिन्द से मां शारदा, आशा ग्राम संगठन, नवदुर्गा, दिशा प्रिय और रीपा केन्द्र गोड़म से महालक्ष्मी, गरिमा, संतोषी, सावित्री स्वसहायता समूह के उत्पाद सारबिला सी-मार्ट छत्तीसगढ़िया मॉल में उपलब्ध है। सारबिला सी.मार्ट के जरिए स्व सहायता समूह और रीपा केन्द्र से जुड़े स्वसहायता समूह की महिलाएं सतत् स्वावलंबन की ओर अग्रसर हो रही हैं।

# मोदी के सशक्त नेतृत्व से भारत विकास की राह पर-ओपी चौधरी

## सूरजपुर में लोकस भास्तरीय प्रबुद्ध सम्मेलन में जुटे भाजपाई दिग्गज

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।





भाजपा का लोकसभा स्तरीय प्रबुद्ध सम्मेलन स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में प्रदेश महामंत्री पूर्व आईएएस ओपी चौधरी के मुख्यआतिथ्य, वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व राज्यसभा सदस्य रामविचार नेताम के विशिष्ट आतिथ्य, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैंकरा,भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल,वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल,पूर्व विधायक रजनी त्रिपाठी, प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े,पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गोयल, रामकृपाल साहू,अंबिकेश केशरी, प्रबोध मिंज,रामेश्वर पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ संस्थापक सदस्य पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीपप्रज्वलन के साथ किया गया। लोकसभा स्तरीयप्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आमजन मानस के दिलों बसे हुए हैं यही कारण है कि मोदीजी देश के चहेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी अपने त्याग व परिश्रम से देश की जनता के दिलों मे जगह बनाई है। भारत जैसे 140 करोड़ आबादी के देश की जनता का विश्वास जीतना आसान नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा राजनीतिक लाभ से परे कठोर निर्णय लेकर देश हित मे काम कर रहे हैं। उन्होंने दक्षिण कोरिया के यात्रा वृतांत को साझा करते हुए बताया कि एक शासक के दृढ इच्छाशक्ति व कठोर निर्णय से लगभग भारत के समकालीन आजाद होने के बाद दक्षिण कोरिया ने भारत से ज्यादा कैसे विकास कर लिया आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मेक इन इण्डिया से भारत नई उंचाई छू रहा है। मोदी जैसे सशक्त नेतृत्व की देश को जरूरत है। आज देश मे प्रमुख विपक्षी दल भ्रष्टाचार में लिप्त हैं एक परिवार के लिए काम करने वाली राजनीतिक पार्टियों के प्राथमिकता में देश नही परिवार फर्स्ट है। भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ के साथ धोखा किया है हर जगह शराब,कोयला,गोठान,व्यापम,पीएससी में माफिया राज चल रहा है। छत्तीसगढ़िया वाद का झूठा नारा देने वाले कांग्रेस व भूपेश ने राज्य सभा के तीनों सीटों पर दूसरे राज्य के लोगों को भेजकर छत्तीसगढ़ के लोगों को अपमानित करने का प्रयास किया है। पूर्व राज्य सभा सांसद रामविचार नेताम ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत माता का गौरव बढाया है। देश के गांव,गरीब व किसानों के कल्याण के लिए जो काम हो रहे है इससे पहले कभी नही हुए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के बदौलत हमने लोकसभा में रिकॉर्ड मतो से जीत दर्ज की थी। भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल ने कहा कि सूरजपुर को लोकसभा स्तरीय प्रबुद्ध सम्मेलन के लिए चुना जाना हम सबसे के लिए गौरव की बात है। आज देश भर में मोदी सरकार के 09 वर्ष पूरे होने पर हम सब लोग केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनजन तक जा रहे हैं।भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को लेकर घर-घर तक पहुंचने का काम किया है। केंद्र सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं से देश का हर व्यक्ति लाभान्वित हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन जिलामहामंत्री राजेश महलवाला व मुरली मनोहर सोनी ने किया। इस अवसर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### प्रबुद्ध सम्मेलन में सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को हुआ सम्मान

प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल होने आए सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को मंचासीन भाजपा नेताओं ने साल श्रीफ ल भेटकर सम्मान किया।

### प्रधानमंत्री मोदी की आमसभा 07जुलाई को रायपुर में


भाजपा जिला समन्वयक समिति व प्रेमनगर भटगांव एवं प्रतापपुर के कोर कमेटी बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 07जुलाई को साइंस कालेज मैदान रायपुर की आमसभा में कार्यकर्ताओं को लेकर जाने व तैयारियों को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। कोर कमेटी की बैठक में इस महीने विधानसभा वार धरना प्रदर्शन के लिए भी रणनीति बनी।

# स्वामी आत्मानंद शा.इंग्लिश मीडियम मॉडल कालेज में प्रवेश प्रारंभ

## तीन संकायों में होगा प्रवेश, अंतिम तिथि 8 जुलाई

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए अब स्वामी आत्मानंद शास.इंग्लिश मीडियम मॉडल कालेज की जिले में शुरूआत की गई है। कालेज में आर्टस, कार्मस और साईस संकाय में विद्यार्थी एडमिशन के लिए 8 जुलाई 2023 तक वेबसाईट https://snpv.ac.in में ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।**




| Name of Programme | Seats |
|---|---|
| B.A. - F.C. Hindi/English Language, English Literature, Geography, Economics, Political Science. | 90 |
| B.Sc. (Mathematics) - F.C. Hindi/English Language, Chemistry, Mathematics, Physics | 60 |
| B.Sc. Computer Science - F.C. Hindi/English Language, Computer Science, Mathematics, Physics | 60 |
| B.Com. Computer | 60 |

रायगढ़ जिले का यह पहला कॉलेज पुराना लाईवलीहुड कालेज पंचायत ट्रेनिग सेंटर परिसर, टीवी टॉवर रोड रायगढ़ में संचालित होगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर राज्य सरकार ने कमजोर वर्ग एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की शुरुआत की है। जिसका लाभ प्रदेश में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उठा रहे हैं। स्कूली शिक्षा के साथ अब अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिए योजना को विस्तार देते हुए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम मॉडल कॉलेज प्रारंभ हो गये हैं। जिससे अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अब 12वीं के बाद उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध होगी।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन एवं निरीक्षण के फलस्वरूप पुराना लाइवलीहुड कालेज में स्वामी आत्मानंद शास.इंग्लिश मीडियम मॉडल कालेज इस सत्र से प्रारंभ हो रही है। कलेक्टर सिन्हा ने शैक्षणिक सत्र के शुरूआत में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। ताकि नवप्रवेशी विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सके।

### तीन संकायों का होगा संचालन, रिक्त सीट पर प्रवेश प्रक्रिया जारी

स्वामी आत्मानंद शास.इंग्लिश मीडियम मॉडल कालेज में शुरूआत में आर्टस, कार्मस और साईस संकाय का संचालन किया जा रहा है। जिसमें बीए में 90, बीएससी गणित में 60, बीएससी कम्प्यूटर साईंट में 60 एवं बी.काम कम्प्यूटर विषय में 60 सीट है। विद्यार्थी वेबसाईट https://snpv.ac.in में ऑनलाईन फार्म अंतिम तिथि 8 जुलाई 2023 तक सबमिट कर सकते है।

# 05 साल से इंतजार नियमितिकरण पर मंशा स्पष्ट करे सरकार

## 2018 चुनाव पूर्व जुलाई माह में कांग्रेस पदाधिकारियों ने हड़ताली मंच में जाकर नियमित करने की थी घोषणा



जोहार छत्तीसगढ़-बालौदाबजार।

संविदा कर्मचारी अपने नियमितिकरण के लिए संघर्षरत थे। उस दौरान कांग्रेस के बड़े नेता हड़ताली मंच में जाकर कांग्रेस की सरकार बनने पर 10 दिनों के भीतर नियमित करने का वादा किया था और इनकी मांगों को 2018 के कांग्रेस जन घोषणा पत्र में शामिल किया था। इन वादों के 5 साल बीत गए हैं किंतु सरकार की संविदा कर्मचारियों को लेकर मंशा स्पष्ट नहीं दिखाई देती यह एक बड़ा प्रश्न संविदा कर्मचारियों ने दूसरे दिन हड़ताली मंच पर उठाया है। जिला बलौदा बाजार के गार्डन चौक में सर्व संविदा अधिकारी कर्मचारी महासंघ के बैनर तले अनिश्चितकालीन हड़ताल आयोजित है हड़ताल में उपस्थित कर्मचारियों ने बताया कि सरकार ने हम संविदा कर्मचारियों से साढ़े चार साल में सरकार की तरफ से संवादहीनता की स्तिथि है रथयात्रा में 33 कलेक्टर को ज्ञापन और कई कांग्रेस विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने के बाद भी संवाद कायम नहीं किए यह लोकतंत्र में चिंताजनक एवं दुखद है। सरकार अपने वादे अनुरूप हमें नियमितिकरण पर स्पष्ट रूप से मंशा जाहिर करे। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कौसलेश तिवारी एवं प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सिन्हा और अशोक कुर्रे ने बताया कि कांग्रेस के कई बड़े नेता के अलावा सरकार के मुखिया के नाते मुख्यमंत्री विधानसभा में या अन्य मीडिया माध्यमों में नियमितीकरण की अपनी बात तो कहते हैं किंतु आज तक इस पर किसी भी प्रकार का ठोस अमल नहीं किया गया। यह रथयात्रा के माध्यम से रायपुर तूता में एकत्रित संविदा कर्मी की भीड़ 2024 के चुनाव में छत्तीसगढ़ में किस पार्टी की सरकार बनेगी यह तय करेगी। जिला बलौदा बाजार के गार्डन चौक में आयोजित संविदा कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल के द्वितीय दिवस में मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग जिला पंचायत एवं अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी भारी संख्या में उपस्थित रहे जिनमें नियमितीकरण को लेकर उनमें भारी उत्साह का माहौल देखा गया।

## एक नजर

### जिला निर्वाचन कार्यालय में रिक्त पदों की अंतिम चयन सूची जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ द्वारा जिला निर्वाचन एवं विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी कार्यालयों के लिए 5 पद सहायक ग्रेड-3 संविदा के लिए कौशल परीक्षा उपरांत अभ्यर्थियों की वरीयता सूची, प्रवर्गवार अंतिम चयन सूची तथा प्रतीक्षा सूची जिला निर्वाचन (सामान्य)कार्यालय रायगढ़ के सूचना पटल पर प्रकाशित कर दी गई है तथा चयनित अभ्यर्थियों की सूची रायगढ़ जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अपलोड की गई है। ज्ञात हो कि अजजा नि:शक्तजन प्रवर्ग में अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने के कारण उक्त वर्ग में किसी भी अभ्यर्थी का चयन किया गया है।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 6 जुलाई

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ राज्य में 9 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित है इन विद्यालयों के कक्षा 11 वीं में विभिन्न जाति वर्ग समूह अंतर्गत 121 सीट रिक्त है। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश एक प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से होगा। प्रश्न पत्र कक्षा 10 वीं स्तर का होगा। परीक्षा में शामिल होने हेतु कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 6 जुलाई 2023 रात्रि 12 बजे तक नियत की गई है। इसी तरह ऑनलाईन आवेदन भरे गये आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 7, 8 एवं 9 जुलाई रात्रि 12 बजे तक, प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की तिथि 16 जुलाई दिन रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक निर्धारित की गई है। विद्यार्थी https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-admission-Detail लिंक में ऑनलाईन आवेदन पत्र अपलोड कर सकते है। उपरोक्त चयन परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र जिले के अनुसूचित क्षेत्र तथा आदिवासी उपयोजना क्षेत्र (रायगढ़ जिले अंतर्गत लैलूंगा, धरमजयगढ़, घरघोड़ा, तमनार, खरसिया विकासखण्ड)तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति के हो एवं वहां स्थित शाला का विद्यार्थी अध्ययन किया है कि पुष्टि करने के उपरांत पात्रता होने पर आवेदन करें।

### विधानसभा सत्र के दौरान सक्षम प्राधिकारी के पूर्वानुमति के बिना अवकाश पर नहीं जायेंगे अधिकारी-कर्मचारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ विधानसभा की पंचम विधानसभा का सत्रहवां सत्र 18 से 21 जुलाई 2023 तक आहूत की जाएगी। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने उक्त सत्र में प्राप्त होने वाले स्थगन, शून्यकाल, आश्वासनों, तारांकित/अतारांकित, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका आदि तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार/जानकारी निर्धारित समयावधि में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में पदस्थ/कार्यरत समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से आदेशित किया है कि वे सक्षम प्राधिकारी के पूर्वानुमति के बिना न ही अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय त्यागेंगे।

### कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों, कानून व्यवस्था, राजस्व प्रकरण एवं स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य विकास कार्य कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने विधानसभा चुनाव की तैयारियों एवं कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पटवारियों के समय मान वेतन मानए सेवा पुस्तिका, गोपनीय प्रतिवेदन की अद्यतन जानकारी ली एवम समय में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण, नया मतदान केंद्र बनाने मतदान केंद्र भवन परिवर्तन, स्थल परिवर्तन, राजनीतिक दलों की ओर से बी एल ओ की नियुक्ति एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण में मतदाताओं का नाम अधिक से अधिक जोड़ने व आवश्यकतानुसार त्रुटियों के सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने फॉर्म 6,7,8 मतदाता सूची, ईपिक कार्ड में विसंगतियों को दूर करना, सवेदनशील मतदान केंद्र, स्पेशल वोटर, सुपर चेकिंग कार्य बेहतर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ मित्तल ने राजस्व के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश दिए।

# जिला बलौदाबाजार भाटापारा में भाजपा चुनाव प्रचार हुआ शुरू

## बिहार के विधायक निशा सिंह छत्तीसगढ़ प्रभारी महिला मोर्चा ने किया विभिन्न कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।





जिला बलौदाबाजार भाटापारा में आगामी विधानसभा चुनाव के लिये पार्टियों द्वारा सभा रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री एवं बिहार विधानसभा में विधायक छत्तीसगढ़ के प्रभारी महिला मोर्चा निशा सिंह द्वारा जिले के चार दिवसीय कार्यक्रम में बलौदाबाजार प्रवास में है जिसमे निशा सिंह द्वारा सर्वप्रथम लवन स्थित महामाया मंदिर बड़ी संख्या में दर्शन किया तत्पश्चात छत्तीसगढ़ प्रभारी द्वारा पुजारि से मंदिर के ऐतिहासिक पहलु पर चर्चा किया उसके बाद लवन स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में बच्चों से मिलकर के उनके पढ़ाई के बारे में व किसी भी प्रकार से सुविधाओं की कमी या अध्ययन किसी भी प्रकार समस्या हो तो समस्या को अवगत कराने के कहा गए जिसपर बच्चों द्वारा किसी भी प्रकार समस्या नहीं होना बताया उसके बाद लवन स्थित शासकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्रों को नव मतदाता के महत्व एवं भारत में मतदान के अधिकार के बारे में विस्तृत चर्चा किया साथ हीं मतदान सम्बंधित सभी प्रकार के सवाल पर चर्चा किया गया है। कार्यक्रम के आगे कड़ी में बलौदाबाजार सहित अम्बेडकर भवन में मितानिनों को आगामी चुनाव के मेरा वोट मेरा अधिकार और महिला एवं वोट का महत्व में भारी संख्या मितानिनो में प्रश्ननात्मक तरीके से चर्चा किया गया है और भूपेश सरकार के घोषणा के धोखेबाजी को आगामी चुनाव में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार को बनाकर कांग्रेस के धोखेबाज रवैया को मात कर मातृ शक्ति का परिचय देना है लवन आगमन महामाया मन्दिर दर्शन सुलोचना यादव जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा,चितावर जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका बलौदाबाजार,सुमन योगेश वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार, सत्यभामा साहू, प्रभारी त्रिवेणी मानिकपुरी मंडल अध्यक्ष लवन, सीमा थवाईत मंडल अध्यक्ष कसडोल प्रभारी मीना बार्वे अध्यक्ष नगर पंचायत लवन एवं संतोषी मानिकपुरी मंडल अध्यक्ष पलारी लवन कॉलेज में नव मतदाता सम्पर्क प्रभारी,मीना बार्वेअध्यक्ष नगर पंचायत लवन एवं निर्मला रजक मंडल अध्यक्ष दक्षिण पलारी रामकुमार साहू लवन नगर पंचायत लवन, बड़ी संख्या में मितानिन उपस्थित रहे।

# मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में की गई बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-बलरामपुर।





मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग रायपुर के पत्र क्रमांक 1773 25 मई, 2023 एवं पत्र क्रमांक 1907 03 जूनए 2023 के निर्देशानुसार विगत 03 जुलाई, 2023 को फ ोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, अर्हता तिथि 01 अक्टूबर, 2023 के क्रियान्वयन हेतु एवं मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष् प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया कि जिले के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी-सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जिला बलरामपुर, रामानुजगंज द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्र.06. प्रतापपुर में कुल मतदान केन्द्रों की प्रस्तावित संख्या 140 से बढ़ाकर 144 मतदान केन्द्र अर्थात् 04 मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण तथा भवन परिवर्तन 18, स्थल परिवर्तन-06 अनुभाग परिवर्तन 03 एवं नाम परिवर्तन- 01 मतदान केन्द्रों का प्रस्तावित किया गया है। विस नि.स.क्षे.क्र. 07 . रामानुजगंज के कुल 266 मतदान केन्द्रों से बढ़ाकर 274 मतदान केन्द्र अर्थात् कुल 08 मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण तथा भवन परिवर्तन-26, स्थल परिवर्तन.03, अनुभाग परिवर्तन 10 एवं नाम परिवर्तन 13 मतदान केन्द्रों का प्रस्तावित किया गया है। इसी प्रकार विसनि क्षे व क्र0.08. सामरी में कुल 264 मतदान केन्द्र से 01 मतदान केन्द्र का युक्तियुक्तकरण तथा भवन परिवर्तन 40, स्थल परिवर्तन 10, अनुभाग परिवर्तन .06 एवं नाम परिवर्तन .10 प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस प्रकार जिले में कुल 13 मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण किया जाकर नवीन मतदान केन्द्र बनाये गये हैं एवं 84 मतदान केन्द्रों का भवन परिवर्तन 19 मतदान केन्द्रों का स्थल परिवर्तन, 19 अनुभाग परिवर्तन एवं 24 मतदान केन्द्रों का नाम परिवर्तन प्रस्तावित किया गया है। उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा उपरोक्तानुसार तैयार प्रस्ताव प्रेषण हेतु सहमति व्यक्त की गई । आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का भा.प्र.से मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष विनोद तिवारी,महामंत्री संजीत गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी से उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सोनी एवं अजीत सिंह, आप पार्टी के जिला सचिव नीलम ठाकुर, बहुजन समाज पार्टी से प्रभु खलखो एवं वीर कुमार मिंज तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में की गई बैठक बलरामपुर 4 जुलाई 2023 मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग रायपुर के पत्र क्रमांक 1773, 25 मई, 2023 एवं पत्र क्रमांक 1907,03 जून, 2023 के निर्देशानुसार विगत 03 जुलाई, 2023 को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, अर्हता तिथि 01 अक्टूबर, 2023 के क्रियान्वयन हेतु एवं मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया कि जिले के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जिला बलरामपुर दृ रामानुजगंज द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्र. 06. प्रतापपुर में कुल मतदान केन्द्रों की प्रस्तावित संख्या 140 से बढ़ाकर 144 मतदान केन्द्र अर्थात् 04 मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण तथा भवन परिवर्तन 18, स्थल परिवर्तन . 06, अनुभाग परिवर्तन 03 एवं नाम परिवर्तन 01 मतदान केन्द्रों का प्रस्तावित किया गया है। विसनि क्षे.क्र. . 07 . रामानुजगंज के कुल 266 मतदान केन्द्रों से बढ़ाकर 274 मतदान केन्द्र अर्थात् कुल 08 मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण तथा भवन परिवर्तन 26ए स्थल परिवर्तन.03, अनुभाग परिवर्तन . 10 एवं नाम परिवर्तन . 13 मतदान केन्द्रों का प्रस्तावित किया गया है।



## जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट की रिलीज डेट का ऐलान

प्रोजेक्ट के से होगी टक्कर




बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम पठान में खलनायक की भूमिका निभा लोगों का दिल जीतने के बाद अब अपनी नई फिल्म की तैयारी में जुट गए हैं। अभिनेता अब जल्द ही शिवम नायर के निर्देशन में बनी द डिप्लोमैट में नजर आएंगे, जिसके रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर प्रभास की प्रोजेक्ट के से टकराएगी, जो उसी दौरान रिलीज हो रही है। ऐसे में दोनों फिल्मों के बीच की भिड़ंत देखना काफी दिलचस्प होगा। जॉन ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए इसकी रिलीज डेट की घोषणा की है, जो काफी दमदार लग रहा है। पोस्टर मे जॉन सूट पहने हुए जेब में हाथ डाले नजर आ रहे हैं।



## खुली जुल्फें...हाथ में छाता लिए हुमा कुरैशी का मानसून लुक हुआ वायरल, मुस्कुराहट से जीता फैंस का दिल

36 वर्षीय बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी एक बार फिर अपने लुक को लेकर सुर्खियां बटोर रहीं हैं। हाल ही में हुमा ने अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह हाथ में छाता पकड़े हुए नजर आ रही है। इन तस्वीरों में हुमा कुरैशी का अंदाज भी फैंस को काफी पसंद आ रहा है और वो उनके लुक की जमकर तारीफ करते नजर आ रहे हैं।

36 वर्षीय एक्ट्रेस हुमा कुरैशी एक्टिंग के साथ-साथ अपने स्टाइलिश लुक्स को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। हुमा कुरैशी अपने फैंस से कन्केटेड रहने के लिए अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी फोटोज और वीडियो शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देखकर फैंस के होश तक उड़ा गए। इन तस्वीरों में फैंस को हुमा कुरैशी का अंदात बेहद पसंद आ रहा है और वो उनके लुक की जमकर तारीफ करते नजर आ रहा हैं। हुमा ने जो लेटेस्ट फोटोशूट कराया है उसमें उनका मानसून लुक देखने को मिल रहा हैं। व्हाइट और येलो कलर की प्लंजिंग नेकलाइन वाली ब्रालेट के साथ पलाजो में एक्ट्रेस हुमा कुरैशी बेहद हॉट एंड खूबसूरत लग रही हैं। हाथ में छाता लिए हुमा कुरैशी कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती नजर आ रही है, फैंस भी उनके इस लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। मल्टीकलर ईयरिंग्स, खुली जल्फें और यूं मुस्कुराना...हुमा कुरैशी का ये अंदाज फैंस का दिल लूट रहा है। डीपकट टॉप में हुमा कुरैशी इतनी हसीन लगी रही हैं, उनकी तस्वीरों को देखकर आप भी अपना दिल हार जाएंगे। इन तस्वीरों में अपने लुक को शानदार बनाने के लिए एक्ट्रेस ने मेकअप भी मिनिमम रखा है।

## अपने एक्स पारस छाबड़ा को लेकर इमोशनल हुई आकांक्षा पुरी

बिग बॉस ओटीटी 2 के हालिया एपिसोड में कंटेस्टेंट आकांक्षा पुरी ने जैद हदीद को बताया कि वह रिलेशनशिप में आने से क्यों डरती हैं। वीकेंड का वार एपिसोड के दौरान शो के होस्ट सलमान खान ने अविनाश सचदेव के साथ बातचीत में जैद के खिलाफ झूठी कहानियां गढ़ने के लिए आकांक्षा की आलोचना की, कि कैसे वह जैद के टच से असहज हो जाती हैं।



इसके बाद जैद ने आकांक्षा पुरी से दूरी बनानी शुरू कर दी। हालांकि, आकांक्षा को जैद के साथ बातचीत करते हुए देखा गया और गलतफहमियां को दूर करने की कोशिश की।

उन्होंने पारस छाबड़ा के साथ अपने पिछले रिश्ते के बारे में बात की और बताया कि कैसे वह उनके साथ अपने खराब एक्सपीरियंस के चलते रिलेशनशिप में आने से डरने लगी हैं। उन्होंने कहा, मैंने आपको बताया था कि इस शो में मेरा एक अतीत था। मैं पार्टिसिपेट नहीं किया था, कोई और था जिसके साथ मैं उस समय थी और हम कभी अलग नहीं हुए।

जब वह शो में आया तो पहले दिन से ही उसे कोई पसंद आने लगा, हमने कभी इसे बंद नहीं किया। लेकिन कुछ ऐसी बातें थीं, जो उन्होंने मुझे नीचा दिखाने के लिए, मेरा अनादर करने के लिए कही थीं और बहुत सी ऐसी बातें थीं जो उन्होंने नेशनल टेलीविजन पर कही थीं जो वास्तव में अच्छी नहीं थीं।

उस दिन के बाद से आज तक मैं किसी रिलेशनशिप में नहीं रही क्योंकि मुझे इससे डर लगता है।

## करीना कपूर की द क्रू की रिलीज डेट का ऐलान, 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी



एकता कपूर और रिया कपूर की फिल्म द क्रू काफी समय से चर्चा में है। यह एक कॉमेडी फिल्म है, जिसकी कहानी तीन महिलाओं पर आधारित है। फिल्म में करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की तिकड़ी देखने को मिलेगी। हाल ही में फिल्म की शूटिंग खत्म होने की खबर आई थी। अब फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। यह फिल्म 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी। फिल्म अपने कलाकारों की वजह से शुरू से ही चर्चा में है। निर्माता जोड़ी एकता और रिया कपूर ने 2018 की फिल्म वीरे दी वेडिंग के बाद फिर से हाथ मिलाया है। लोगों की दिलचस्पी का कारण करीना, कृति और तब्बू की साझेदारी भी है। पहली बार ये तीनों पर्दे पर एक साथ नजर आएंगी। इनके साथ गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ भी इस फिल्म में नजर आएंगे। ऐसे में हर किसी को फिल्म की रिलीज डेट जानने की उत्सुकता थी।

रिपोर्ट्स के अनुसार, कपिल शर्मा भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। वह इस फिल्म में एक अनोखी भूमिका निभाएंगे। ज्विगाटो के बाद अब वह इस फिल्म में दिखेंगे। फिल्म में दिलजीत दोसांझ की एंट्री ने भी खूब सुर्खियां बटोरी थीं। इसकी घोषणा करते हुए रिया ने कहा था, दिलजीत को कास्ट में शामिल करने के लिए हम रोमांचित हैं। यह फिल्म बहुत खास होने वाली है, यह आपके द्वारा पहले देखी गई किसी भी एंटरटेनर फिल्म से अलग होगी।

## अर्जुन कानूनगो, शर्ली सेतिया नए एल्बम इंडस्ट्री 2 के लिए साथ आए

गायक-अभिनेता अर्जुन कानूनगो अपने एल्बम इंडस्ट्री के दूसरे वर्जन के साथ वापसी कर रहे हैं। इंडस्ट्री 2 टाइटल वाले इस एल्बम में वह शर्ली सेतिया के साथ काम करते नजर आएंगे। एल्बम में टोक्यो में फिल्माए गए संगीत वीडियो हैं, जो भाषा की बाधा को तोड़ते हैं, जिसके कारण भारतीय कलाकार वहां शूटिंग करने से बचते थे। टोक्यो में शाटिंग करने के उनके फैसले ने उन्हें इस जीवंत और आश्चर्यचिकत कर देने वाले शहर को जानने का मौका दिया। इसने व्यापक अंतराष्ट्रीय दर्शकों तक पहुंचने के दरवाजे भी खोले। शर्ली सेतिया ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा कि अर्जुन के साथ इंडस्ट्री 2 पर काम करना मेरे लिए एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। हमने कुछ बहुत खास बनाया है, लेकिन अपने फैंस के लिए सबसे प्रामाणिक अनुभव लाने के लिए एक बिल्कुल नए देश में घंटों मेहनत की है। उन्होंने आगे जिक्र किया, सबसे अच्छी और मेहनती टीम के साथ टोक्यो में शूटिंग करना निश्चित रूप से मेरे लिए इस एल्बम का हिस्सा बनाना सबसे अच्छा रहा।



## बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही कार्तिक-कियारा की फिल्म, तीसरे दिन हुई सबसे ज्यादा कमाई



कियारा आडवाणी और कार्तिक आर्यन की मोस्ट अवेटेड फिल्म सत्यप्रेम की कथा 29 जून को ही सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है और ऑडियंस की तरफ से पॉजीटिव रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है. कार्तिक-कियारा की फिल्म ने अपनी रिलीज के दो दिनों के अंदर ही शानदार कमाई की है. सत्यप्रेम की कथा वर्ल्डवाइड रिलीज की गई थी और बॉक्स अब इसने पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर 9.25 करोड़ का नेट पर कर लिया है. कार्तिक और कियारा की फिल्म के लिए ये एक अच्छी शुरुआत थी. वहीं दूसरे दिन की बात करें वर्किंग डेज में आमतौर पर ऑडियंस काम रहती है. इसके तहत फिल्म की कमाई के 24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और फिल्म ने 7 करोड़ की कमाई की. रिलीज का तीसरा वीकेंड था जो कि फिल्म के लिए अच्छा साबित हुआ और सुबह-सुबह ही फिल्म को 20 प्रतिशत का उछाल मिला. इस तरह से अंदाजा लगाया जा रहा है कि सत्यप्रेम की कथा की तीसरे दिन का वर्ल्डवाइड क्लेक्शन 11.75-12 करोड़ रुपए हो सकता है क्योंकि तीसरे दिन फिल्म को 68 प्रतिशत तक का उछाल मिला था. कहा ये भी जा रहा है कि फिल्म इस वीकेंड के साथ 40-41 करोड़ की कमाई कर सकती है. बता दें कि सत्यप्रेम की कथा कार्तिक आर्यन की इस साल की दूसरी फिल्म है।

## खेल

## विम्बलडन में स्वियातेक की आसान जीत

जोकोविच-रूड संघर्ष से जीते-पहले दिन बारिश ने डाला खलल, छत बंद कर कराए गए मुकाबले

*लंदन। टॉप सीड इगा स्वियातेक, नोवाक जोकोविच और कैस्पर रूड ने दुनिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट विम्बलडन में आसान जीत से शुरुआत की, हालांकि पहले दिन सोमवार को लंदन में बारिश ने फैंस के रोमांच में खलल डाला। बारिश की बाधा के कारण कई मैचों में विलंब हुआ, तो कुछ छत बंद करके सेंटर कोर्ट पर खेले गए।*



इससे पहले, मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम की शुरुआत हुई। यहां टूर्नामेंट की आयोजक संस्था ऑल इंग्लैंड क्लब ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में केरल की स्नेक बोट रेस को प्रमोट किया। क्लब ने एक फोटो पोस्ट की, जिसमें दुनिया के टॉप टेनिस स्टार स्नेक रेस में हिस्सा लेते दिखाई दे रहे हैं। इस फोटो को खूब पसंद किया गया।

पहले दौर के मुकाबले में टॉप सीड इगा स्वियातेक ने आसान जीत दर्ज की। उन्होंने चीन की एल झू को 6-1, 6-3 से हराया। लेडीज सिंगल्स में 5वीं सीड सी. गार्सिया और चौथी सीड जे पेगुला ने भी आसान जीत हासिल की।

पोलैंड की स्वियातेक ने पहले दौर में चीन की एल झू को 6-1, 6-3 से हराया।

पोलैंड की स्वियातेक ने पहले दौर में चीन की एल झू को 6-1, 6-3 से हराया।

रूड और जोकोविच की संघर्षपूर्ण जीत

जेंटलमैन सिंगल्स में कैस्पर रूड को पहली जीत के लिए खूब पसीना बहाना पड़ा। उन्होंने एल. लोकोली को 6-1, 5-7, 6-4 और 6-3 से हराया, जबकि दूसरी सीड नोवाक जोकोविच ने पी कैचिन को 6-3, 6-3 और 7-6 से हराया। सर्बियन स्टार जोकोविच बतौर डिफेंडिंग चैंपियन खेल रहे हैं।

जीत के बाद प्रतिद्वंद्वी की तारीफ करते नार्वे के कैस्पर रूड।



उन्हें पहले दौर में चौथे सेट तक संघर्ष करना पड़ा।

जीत के बाद प्रतिद्वंद्वी की तारीफ करते नार्वे के कैस्पर रूड। उन्हें पहले दौर में चौथे सेट तक संघर्ष करना पड़ा।

### साल का तीसरा ग्रैंड स्लैम है विम्बलडन

टेनिस में 4 ग्रैंड स्लैम होते हैं। चारों हर साल आयोजित होते हैं, इसकी शुरुआत जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन से होती है। मई और जून में फ्रेंच ओपन होता है। जुलाई में विम्बलडन और अगस्त-सितंबर में US ओपन होता है। US ओपन साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम होता है।

## एक नजर

## न्यूकैसल यूनाइटेड ने सैंड्रो टोनाली के साथ किया करार

**लंदन** । प्रीमियर लीग क्लब ने सोमवार को कहा कि न्यूकैसल यूनाइटेड ने एसी मिलान के इतालवी मिडफील्डर सैंड्रो टोनाली के साथ 2028 तक पांच साल का अनुबंध किया है। हालांकि किसी वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन ब्रिटिश मीडिया के अनुसार, न्यूकैसल ने मिलान को अतिरिक्त शुल्क के साथ 70 मिलियन यूरो का भुगतान किया है। यदि टोनाली को यह शुल्क मिला है तो यह उन्हें अब तक का सबसे महंगा इतालवी खिलाड़ी बना देगा, जबकि यह एसी मिलान के लिए भी एक रिकॉर्ड बिक्री है, जो 2009 में ब्राजीलियाई मिडफील्डर काका के लिए रियल मैड्रिड द्वारा भुगतान की गई 68 मिलियन यूरो की राशि को पीछे छोड़ देगा। एक समय इटली के महान खिलाड़ी एंड्रिया पिरलो के उत्तराधिकारी के रूप में देखे जाने वाले 23 वर्षीय टोनाली ने मिलान को 2021-22 सीज़न में 11 वर्षों में पहला सीरी ए खिताब दिलाने में मदद की और उन्होंने पिछले चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक बहुमुखी मिडफील्डर, टोनाली ने पिछले सीज़न में मिलान के किसी भी अन्य खिलाड़ी की तुलना में अधिक मैच खेले और सभी प्रतियोगिताओं में लगभग 4,000 मिनट मैदान पर बिताए। करार पर टोनाली ने कहा, सबसे पहले, मैं न्यूकैसल यूनाइटेड को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि यह मुझे मेरे करियर के लिए एक बड़ा अवसर दे रहा है। मैं पिच पर अपना सब कुछ देकर उनके भरोसे पर खरा उतरना चाहता हूं, जैसा कि मैंने हमेशा किया है।



## बांग्लादेश दौरे के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बांग्लादेश दौरे के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। नौ जुलाई से मीरपुर में शुरू होने वाले बांग्लादेश दौरे पर भारतीय टीम तीन एकदिवसीय मैच और तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। सभी मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम (एसबीएनसीएस) में खेले जाएंगे।




बांग्लादेश दौरे के लिए चयनीत 18 सदस्यीय भारतीय महिला क्रिकेट टीम में दाएं हाथ की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और विकेटकीपर ऋचा घोष को जगह नहीं मिला है। भारतीय टीम हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में मुकाबला करेगी, जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तान हैं। वहीं रेणुका सिंह और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष को टीम में शामिल नहीं किए जाने को लेकर सेलेक्टर्स की ओर से कोई बयान नहीं आया है।

## पृथ्वी शॉ इंग्लैंड में वन-डे कप खेलेंगे

नॉटिंघमशायर क्लब से डील साइन की; पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी भी इसी टीम में

भारत के विस्फोटक बैटर पृथ्वी शॉ इंग्लैंड में घरेलू क्रिकेट खेलेंगे। उन्होंने नॉटिंघमशायर क्लब से डील साइन की है। इसी टीम से पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी भी जुड़े हैं। 23 साल के पृथ्वी जुलाई में दलीप ट्रॉफी खेलने के बाद इंग्लैंड जाएंगे। यहां वह काउंटी चैम्पियनशिप और रॉयल लंदन वन-डे कप खेलेंगे।




### अगस्त में शुरू होगा वन-डे कप

जुलाई 2021 में भारत के लिए आखिरी इंटरनेशनल मैच खेलने वाले पृथ्वी शॉ नॉटिंघमशायर के लिए खेलेंगे। एक अगस्त से इंग्लैंड का घरेलू लिस्ट-ए टूर्नामेंट रॉयल लंदन वन-डे कप शुरू होगा। पृथ्वी इस टूर्नामेंट का हिस्सा होंगे। उनकी टीम का पहला मैच 3 अगस्त को एसेक्स से होगा। पृथ्वी भारत में मुंबई से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उन्होंने अब तक लिस्ट-ए के 53 मैचों में 52.54 की औसत से 2627 रन बनाए हैं। इनमें उन्होंने 8 शतक लगाए और उनका स्ट्राइक रेट भी 123.27 का रहा।

### वन-डे के बाद काउंटी के मैच होंगे

इंग्लैंड का घरेलू सीजन जारी है। इस वक्त वहां टी-20 ब्लास्ट टूर्नामेंट हो रहा है। टी-20 टूर्नामेंट 15 जुलाई तक चलेगा, फिर अगस्त से वनडे कप शुरू होगा। इस दौरान मई से सितंबर तक काउंटी चैम्पियनशिप के फर्स्ट क्लास मैच भी जारी रहेंगे।

## नीदरलैंड की जीत से वर्ल्डकप क्वालिफिकेशन की रेस रोमांचक

अब एक प्लेस के लिए तीन टीमें दावेदार, विक्रमजीत सिंह का शतक

हरारे। वर्ल्ड कप क्वालिफायर के सुपर-6 मुकाबले में नीदरलैंड ने ओमान पर 74 रनों की जीत हासिल की है।




वर्षा बाधित इस मुकाबले में डच टीम की जीत से भारत में 5 अक्टूबर से होने जा रहे वनडे वर्ल्ड कप के क्वालिफिकेशन की रेस रोमांचक हो गई है। अब एक कोटे के लिए तीन टीमें दावेदार हैं। क्योंकि श्रीलंका पहले ही क्वालिफाई कर चुकी है। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में ओमान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। नीदरलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट पर 362 रन बनाए। जवाब में ओमान 44 ओवर में 6 विकेट 246 रन ही बना पाई थी कि बारिश शुरू हो गई और खेल रोकना पड़ा। आखिर में नीदरलैंड को DLS मैथड के तहत विजेता घोषित किया गया।

पॉइंट्स टेबल में 8 अंक लेकर श्रीलंका पहले ही वर्ल्ड कप का टिकट हासिल कर चुकी है, जबकि जिम्बाब्वे के 4 मैच में 6 और स्कॉटलैंड के 3 मुकाबलों में 4 अंक हैं। नीदरलैंड ने चार मुकाबलों 4 अंक हासिल किए हैं। अगला मैच स्कॉटलैंड और जिम्बाब्वे के बीच मैच होना है। अगर जिम्बाब्वे जीत जाता है, तो टीम क्वालिफाई कर जाएगा और यदि स्कॉटलैंड जीता और नीदरलैंड के रास्ते खुल जाएंगे।

# चिटफंड कंपनी प्रतिष्ठा इन्फॉकन के फरार डायरेक्टर को चक्रधरनगर पुलिस ने रायपुर से किया गिरफ्तार

**प्रतिष्ठा इन्फॉकन चिटफंड कंपनी के अब तक 8 डायरेक्टर और शेयर होल्डर पर हो चुकी है कार्यवाही**

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़ ।

चिटफंड के लंबित अपराधियों को विशेष प्राथमिकता पर रखते हुए मामलों की मॉनिटरिंग स्वयं जिले के पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार द्वारा की जा रही है । इसी क्रम में थाना चक्रधरनगर में चिटफंड कंपनी प्रतिष्ठा इन्फॉकन पर पंजीबद्ध अपराध के फरार डायरेक्टर महादेव सोनी की गिरफ्तारी के लिए अन्य जिलों से साथ चक्रधरनगर पुलिस भी जुटी हुई थी आरोपी गिरफ्तारी से बचने लगातार लुक छुप रहा था । चक्रधरनगर पुलिस आरोपी महादेव सोनी की गिरफ्तारी के लिए मुखबीर लगाकर साइबर सेल की मदद ली जा रही थी । इसी बीच आरोपी महादेव सोनी के रायपुरा क्षेत्र में देखे जाने की सूचना पर तत्काल टीआई चक्रधरनगर प्रशांत राव आहेर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर पुलिस टीम रायपुर रवाना किया गया । पुलिस टीम ने इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट रायपुरा में आरोपी की घेराबंदी कर आरोपी महादेव सोनी पिता रामकृष्ण सोनी उम्र 46 साल निवासी मिनौदा थाना सरसिंवा जिला सारंगढ़ हाल रायपुर को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया जिससे पूछताछ विवेचना कार्यवाही पश्चात धोखाधड़ी (चिटफंड संबंधी) के अपराध में रिमांड पर भेजा गया है ।




## चिटफंड कंपनी प्रतिष्ठा इन्फॉकन

कथित चिटफंड कंपनी प्रतिष्ठा इन्फॉकन के विरुद्ध जिले के थाना कोतवाली एवं चक्रधरनगर में धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया गया है । थाना कोतवाली में दर्ज अपराध में 12 पीड़ित के आवेदन संलग्न हैं, वहीं थाना चक्रधरनगर के अपराध में 24 पीड़ितों के आवेदन संलग्न किए गए हैं । दोनों ही मामलों में करीब ?900000 की कंपनी द्वारा निवेशकों को नुकसान पहुंचाए जाने की जानकारी मिली है । चिटफंड कंपनी प्रतिष्ठा इन्फॉकन में विरुद्ध जिले में अपराध पंजीबद्ध होने पर अन्य जिलों से इस कंपनी में निवेश कराएं पीड़ितों के सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए हैं जिला पुलिस द्वारा चिटफंड कंपनी प्रतिष्ठा इन्फॉकन के चल अचल संपत्ति की जानकारी एकत्र कर 05/05/2022 को प्रशासन को उपलब्ध कराया गया है ।

## चिटफंड कंपनी प्रतिष्ठा इन्फॉकन से जुडा मामला

जानकारी के मुताबिक वर्ष 2012-13 एवं 2013-14 में प्रतिष्ठा इंफ्राकन इंडिया लिमिटेड कंपनी ने रायगढ़ के ढिमरापुर के पास अपना कार्यालय खोल कर ग्रामीण क्षेत्र के सीधे साधे लोगों को प्रतिदिन एवं मासिक तौर पर रकम जमा करवाने पर एक साल की अवधि पूर्ण होने पर अच्छी ब्याज के साथ मूलधन वापस किए जाने का लालच और विश्वास देकर स्थानीय लोगों को अभिकर्ता (एजेंट) बनाये और चिटफंड कंपनी का गौरख धंधा चलाया जा रहा था । इस कथित चिटफंड कंपनी द्वारा जामगांव क्षेत्र के कई गरीब मजदूर तबके के लोगों से प्रतिदिन ?20, ?50, ?100 अपने अभिकर्ताओं के माध्यम से जमा करवाकर उन्हें महीने में एक बार अथवा कई महीने बाद जमा रूपयों की पावती रसीद दी जाती थी। कंपनी अपने अभिकर्ताओं के साथ सांठगांठ कर छल पूर्वक अपने कारोबार को चलाया जा रहा था । प्रारंभ में कंपनी निवेशकों का विश्वास अर्जित करने लगी जिसके बाद कंपनी वर्ष 2014 में निवेशकों के रकम को हड़प कर कंपनी बंद कर फरार हो गई थी । इस कंपनी की पीड़िता विमला यादव, तुलसी बाई, सावित्री चौहान, विशाखा चौहान, हामिद खान के द्वारा संयुक्त आवेदन कंपनी के विरुद्ध रकम जमा कराकर ना तो कोई पासबुक दिया गया ना ही कोई पॉलिसी, बॉन्ड पेपर, केवल कुछ रसीद ही दिए गए हैं । शिकायत पर थाना चक्रधरनगर में अपराध क्रमांक 43/2016 धारा 420, 467, 468, 471, 120 आईपीसी 4, 5, 6 चिटफंड अधिनियम धारा 6(5), 10 छ.ग. के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 के अपराध कायम कर चक्रधरनगर पुलिस विवेचना दरम्यान आरोपी कंपनी के डायरेक्टर रामगोपाल गढ़ेवाल पिता नोखराम गढेवाल उम्र 38 वर्ष निवासी कुढगबोर थाना पामगढ़ जिला जांजगीर को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध 19 मई 2022 को चालान न्यायालय पेश किया गया तथा प्रकरण के अन्य डायरेक्टर आरोपियों के विरुद्ध धारा 173(8) सीआरपीसी के तहत चालान प्रस्तुत किया गया था ।

कंपनी के डायरेक्टर शुभयान बनर्जी, अमित सरकार, संजीव गुहा, रामगोपाल गढेवाल, नारायण प्रसाद झलेरिया, महादेवा सोनी, मनहरण लाल कैवर्त डायरेक्टर थे तथा भैरव मिश्रा, अमित सेन, सौरभ डे, चांद मोहम्मद शेयर होल्डर थे जो निवेशकों को कम अवधि में दुगना रकम का झांसा देकर अभिकर्ताओं (एजेंट) के माध्यम से रकम वसूल किए और कंपनी का कारोबार समेट कर फरार हो गए थे ।

चक्रधरनगर पुलिस द्वारा अपराध में कंपनी के डायरेक्टर/शेयर होल्डर की पतासाजी दौरान आरोपी- 1- रामगोपाल गढ़ेवाल पामगढ़ जिला जांजगीर, 2- भैरव मिश्रा उर्फ मोंगली जांजगीर चांपा, 3- चांद मोहम्मद जांजगीर-चाम्पा, 4- संजीव गुहा इंदौर मध्य प्रदेश, 5- अमित सरकार गाजियाबाद उत्तर प्रदेश, 6- शुभयान बनर्जी नार्थ परगना पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार कर मामले में पूरक चालान पेश किया गया था । प्रकरण के 02 आरोपी डायरेक्टर नारायण प्रसाद झलेरिया तथा मनहरण लाल कैवर्त के जिला जांजगीर-चाम्पा जेल में निरूध होने पर आरोपियों का प्रोडक्शन वारंट जारी कराकर गिरफ्तारी की गई है ।

कंपनी के ROC में बतौर डायरेक्टर नाम दर्ज महादेव सोनी अपराध में गिरफ्तारी से बचने लगातार लुकछिप रहा था जिसे आज चक्रधरनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है । आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्यवाही में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, उप निरीक्षक दिनेश बोहिदार, प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन, आरक्षक शांति मिरी,महिला आरक्षक एलिशा टोप्पो की अहम भूमिका रही है ।

## एक नजर

### राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का हुआ शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का शुभारंभ किया गया। इस दौरान संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन एवं बैकुंठपुर क्षेत्र की विधायक अंबिका सिंहदेवए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हितग्राहियों को सिकल सेल एनिमिया कार्ड प्रदान किया गया। इस मिशन का उद्देश्य आदिवासी समुदाय के बीच सिकल सेल बीमारी के संदर्भ में लोगों को जागरूक करना है। इसके तहत 2047 तक भारत को सिकल सेल एनीमिया बीमारी से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार सिकल सेल एनीमिया बीमारी एक आनुवंशिक बीमारी हैए जिसका कोई इलाज नहीं है। लेकिन डॉक्टरों के अनुसारए अपने खाने में आयरन और विटामिन बी12 से परिपूर्ण आहार लेने से खून की कमी दूर होती है। यह बीमारी शादी के बाद बच्चों को भी हो सकती है इसलिए अगर किसी को यह बीमारी है तो शादी से पहले अपने पार्टनर का टेस्ट करवाना उचित उपाय है। केंद्रीय बजट 2023 में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की घोषणा की गई थी। यह मिशन देश के विभिन्न राज्यों के साथ छत्तीसगढ़ में भी लागू किया गया है।

### जिले में 1 जून से अब 176.6 मिमी वर्षा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 176.6 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 4 जुलाई तक औसत वर्षा 195.9 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 3.0 मिमी वर्षा हुई है।

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील मनोरा में 1.0 मिमी, कुनकुरी में 11.1 मिमी, बगीचा में 2.7, सन्ना में 12.2, मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा सन्ना तहसील में दर्ज की गई है।

### जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 04 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम बेहराखार, निवासी स्व सुखराम का गड्ढे के पानी में डूबने से 3 नवम्बर 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी पार्वती बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

### आयुष्मान कार्ड बनाने महाअभियान चलाएं, कोई परिवार छूटे न -संजीव झा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



कलेक्टर संजीव कुमार झा ने आज समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के लंम्बित प्रकरणों की समीक्षा की और निर्देशित किया कि राजस्व सहित जनहित के कार्यों से जुड़े हुए प्रकरणों में शीघ्रता से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा किए गए घोषणाओं और दिए गए निर्देशों का भी पालन सुनिश्चित करते हुए की गई कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर झा ने जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने महाअभियान चलाने और जरूरतमंद पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने गौठान में नियमित गोबर खरीदी करने, वर्मी तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजीव गाँधी किसान न्याय योजना अंतर्गत किसानों के सत्यापन और पात्रतानुसार लाभान्वित करने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास अंतर्गत तृतीय किश्त प्राप्त करने वाले हितग्राहियों के आवासों को शीघ्र पूर्ण कराकर फोटोग्राफ अपलोड करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर झा ने पर्यटन, धार्मिक स्थल, धान उपार्जन केंद्र, सहकारी बैंक सहित आवश्यकतानुसार सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में 17 जुलाई से प्रारंभ होने वाले छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक की तैयारी और आवश्यक प्रपत्र में जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व संबंधित प्रकरणों में विलम्ब पर नाराजगी व्यक्त की और आदेशों की प्रति ऑनलाइन अपलोड करने तथा निराकरण के निर्देश भी दिए। उन्होंने जिले में स्कूली विद्यार्थियों के बनाए जा रहे जाति प्रमाणपत्र की प्रगति पर नाराजगी जताई और निर्देशित किया कि क्लस्टर स्तर पर शिविर का आयोजन कर जाति प्रमाण पत्र बनाएं और विद्यार्थियों को प्रदान किया जाएं। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सीमांकनए बटांकनए नामांतरण आदि के लंबित प्रकरण निश्चित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने सामुदायिक वन अधिकार पत्र को प्राथमिकता से बनाने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग को दिए। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान की फसल लगने के पूर्व ही सीमांकन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करा लिया जाए।

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से स्कूल भवनों का हो रहा कायाकल्प

## रंग-बिरंगी चित्रकारी के माध्यम से बच्चे कर रहे पढ़ाई



जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत अब जिले के स्कूल संवरने लगे हैं। जिले में योजना अंतर्गत शाला भवन मरम्मत नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य के साथ अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराया जा रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी खड़गवां जितेंद्र कुमार गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सिंघत में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला भवन का जीर्णोद्धार कार्य किया गया है। भवनों में टाइल्स लगाकर सभी तरफ़ पुट्टी किया गया है। दीवारों पर रंग बिरंगी कलात्मक और शिक्षण गतिविधियों से जुड़े ड्राइंग किया गया है जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन हुआ है अब वे दीवार में लिखे गये कलात्मक पेंटिंग के जरिए भी पढ़ाई कर रहे हैं। जीर्णोद्धार के द्वारा नये भवन मिल जाने से सभी बच्चे खुश हैं। कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा के द्वारा मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्वीकृत प्रगतिरत कार्यों की नियमित समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर ने हाल ही में जिला स्तर पर कार्यरत मैदानी अमले की संयुक्त बैठक लेकर मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक एवं समस्त विकासखंड स्तर के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य के लिए सतत निगरानी करने निर्देशित किया गया है तथा इसके साथ ही कार्य एजेंसी विभाग को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्णता के लिए निर्देश दिए गए हैं।



# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

एजोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में एनएच 43 के भूमि अधिग्रहित हितग्राहियों को मुआवजा राशि संबंध में जानकारी ली तथा एनएच 43 के अधिकारी को लंबित मुआवजा प्रकरण पर कार्रवाई कर समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में सीएम द्वारा किए गए घोषणाओं, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति, पेंशन, राशन कार्ड, कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण सहित सभी विभागों के लंबित टीएल प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने के लिए कहा। उन्होंने आयुष्मान कार्ड की प्रगति के संबंध में जानकारी ली एवं जिनका शेष है डोर टू डोर सर्वे कर शत प्रतिशत बनाने कहा। कलेक्टर ने जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर हो एवं जरूरतमंद लोगों को ब्लड समय पर उपलब्ध हो सके इसके लिए सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को ब्लड बैंक सेंटर जाकर ब्लड डोनेट करने निर्देशित किया।

उन्होंने जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र जिनका नहीं बना है स्कूलों से जानकारी लेकर शत प्रतिशत बनाने अभियान चलाने के निर्देश दिए। स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया एवं समय अवधि की जानकारी ली एवं भर्ती प्रक्रिया समय में पूर्ण करने निर्देशित किया। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने सभी जनपद सीईओ को गोबर खरीदी और वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सोसायटी के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट खाद का विक्रय प्राथमिकता से करने के लिए कहा है। बारिश के मौसम को देखते हुए वर्मी खाद और गोबर को बचाने सुरक्षित रखने के लिए उचित व्यवस्था करने के लिए कहा। ताकि गोबर खरीदी एवं वर्मी कंपोस्ट खाद बनाने का कार्य प्रभावित ना हो। उन्होंने कहा कि गौठानों में नियमित निगरानी रखते हुए एल्टीएक्टीविटी कार्य में तेजी लाने लाए। उन्होंने रीपा अंतर्गत अधोसंरचना एवं विभिन्न गतिविधियों के लिए बनाए जा रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर अन्य गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ रवि मित्तल की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कानून व्यवस्था, मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन, स्थल, नाम परिवर्तन, युक्तियुक्तकरण एवं सहायक मतदान केन्द्रों के प्रस्ताव के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण, नया मतदान केंद्र बनाने मतदान केंद्र भवन परिवर्तन, स्थल परिवर्तन, राजनीतिक दलों की ओर से बीएलओ की नियुक्ति एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण में मतदाताओं का नाम अधिक से अधिक जोड़ने व आवश्यकतानुसार त्रुटियों के सुधार करने के संबंध में चर्चा की गई। सभी विषय पर सभी राजनीतिक दलों द्वारा एकमत में सहमति व्यक्त की गई है। बैठक में अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा, सर्व एसडीएम राजनीतिक दल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ अनिश्चितकालीन महाआंदोलन की राह पर

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।





छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ रायपुर के प्रांतीय आह्वान पर छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सभी नियमित, संविदा,डीएमएफ और जीवनदीप समिति में कार्यरत कर्मचारी 4 जुलाई 2023 से अपनी 24 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन में चले गए है। स्वास्थ्य कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन आंदोलन में जाने से सभी जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ एंड वेल नेस सेंटरों में स्वास्थ्य सेवायें पूरी तरह से ठप्प रहेगी। इस दौरान मरीजों को स्वास्थ्य सेवा नहीं मिलने के कारण जनहानि भी होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के जिला अध्यक्ष अरुण ताम्रकार ने प्रमुख मांगो के संबंध में बताया की नियमित कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर कर केंद्रीय स्वास्थ्य कर्मचारियों के समान वेतन, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, 62 वर्ष की सेवा गारंटी, डीएमएफ और जीवनदीप में कार्यरत कर्मचारियों को कलेक्टर दर से वेतन भुगतान करने की मांग के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सभी कर्मचारियों को पुलिस विभाग की तरह वर्ष में 13 माह का वेतन,चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान, एकल पदों हेतु पदोन्नति नियम जोखिम भत्ता रेडिएशन भत्ता स्टाफनर्स को 3/4 अग्रिम वेतन वृद्धि देने,पदनाम परिवर्तन, तृतीय व चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों को उनके गृह जिले में 1500 फिट भूखण्ड उपलब्ध करा उक्त राशि वेतन से समायोजन करने,आयुष विभाग के अंशकालिक स्वछकों को नियमित, भ्रष्टाचारी अधिकारियों का निलंबन, कोविड व आयुष्मान प्रोत्साहन राशि में भ्रष्टाचार की जांच और अन्य 24 सूत्रीय मांगों को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ के 70,000 से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारी काम बंद आंदोलन में रहेंगे। इससे आम जीवन को होने वाली जनहानि एवं अन्य स्वास्थ्य कठिनाइयों के लिए शासन-प्रशासन को लगातार ज्ञापन, प्रत्यक्ष चर्चा,एक दिवसीय, दो दिवसीय एतीन दिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा लगातार ध्यानाकर्षण कराए जाने के बावजूद भी शासन-प्रशासन द्वारा मांगो को अनसुनी किए जाने के कारण विवश होकर अनिश्चितकालीन आंदोलन का निर्णय लेना पड़ा है। प्रान्तीय महामंत्री आर डी दीवान ने कहा कि यह आंदोलन संघ के संरक्षक ओ पी शर्मा और प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा के नेतृत्व में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ आम नागरिकों को होने वाली स्वास्थ्य असुविधा के लिए खेद प्रकट करता है। यह हमारी मजबूरी है। हम स्वास्थ्य कर्मचारी आंदोलन नहीं चाहते थे। अभी हमने वैश्विक महामारी कोविड-19 में आम लोगों को अपनी और परिवार की परवाह किये बगैर दिन- रात सेवाएं देकर राहत दिलाया। इसमें हमारे स्वास्थ्य कर्मचारी स्वयं भी संक्रमित हुए और कुछ शहीद भी हुए। अधिकांश कर्मचारी अपने परिवारों से अपने बीवी बच्चों से दूर रहकर वैश्विक महामारी कोविड.19 में विजय पाया है। शासन-प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य कर्मचारियों के योगदान के लिए बड़े-बड़े वायदे किये गये थे किंतु पुरा नहीं किया गया और न ही 2018 विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र के वादे को पूर्ण किया गया। हमारी समस्याओं को शासन द्वारा लगातार अनसुना किया जा रहा है। शासन-प्रशासन को 4 जुलाई 2023 के पहले स्वास्थ्य कर्मचारियों की 24 सूत्री मांगों को पूरा करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री टी एस सिंह देव और छत्तीसगढ़ शासन के सभी जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों से विनम्र आग्रह करते है की स्वास्थ्य कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन आंदोलन में जाने से स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में होने वाले जनहानि की क्षति पूर्ति नहीं किया जा सकता। हमारी मांगो को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की 24 सूत्रीय मांगों को पूरा करने की पहल करें। मनेन्द्रगढ़ विकासखण्ड अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने कहा की आश्वासन से अब स्वास्थ्य कर्मचारी नहीं मानने वाले हैं। सभी मांगे पूर्ण होने तक आंदोलन अनवरत जारी रहेगा।

**कार्यालय नगर पंचायत धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ ( छ.ग. )**

क्रमांक/233/न.पं./2023-24 धरमजयगढ़ दिनांक 04/07/2023

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निविदा क्रमांक 138/न.पं./लो.नि.वि./2023-24 दिनांक 30/5/2023 एवं सिस्टम टेंडर नम्बर 136010 के माध्यम से जारी प्लेसमेंट श्रमिक प्रदाय (अकुशल /अर्ध्दकुशल/कुशल) प्रथम ई-निविदा आमंत्रित किया गया था। प्रथम निविदा में कम से कम तीन निविदा कारों द्वारा भाग लिया जाना आवश्यक है किन्तु दो निविदा कारों द्वारा भाग लिए जाने के कारण उक्त निविदा निरस्त किया जाता है।

**सूचना जाने**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत धरमजयगढ़

# कुसमी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, प्रभावित हो रही स्वास्थ्य व्यवस्था

जोहार छत्तीसगढ़ – कुसमी।

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आह्वान पर आज कुसमी दुर्गा चौक के सामुदायिक भवन में कुसमी के स्वास्थ्य कर्मचारी संघ अपनी 4 सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल बैठे हुए है स्वास्थ्य कर्मचारियों के हड़ताल पर बैठने से पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं ठप हो गई है।






## पी एम कार्य भी है बाधित

कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मचारियों के हड़ताल पर बैठने के कारण ग्राम पंचायत जवाहर नगर का एक व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम के लिए काफी देरी से पड़ा हुआ है, स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं हड़ताल में बैठने पर काफी बाधित हो रही है , छत्तीसगढ़ शासन को चाहिए की जल्द से जल्द इन स्वास्थ्य कर्मचारियों की जायज मांगों को मान कर इनके द्वारा किए जा रहे प्रदेश व्यापी हड़ताल को समाप्त कराए । प्रदेश स्वास्थ्य प्रांतीय संगठन सचिव सचिव अरुण तिवारी से पूछे जाने पर बताया गया की हम सभी स्वास्थ्य कर्मचारी संघ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आह्वान पर अपनी 4 सूत्रीय मांगो को लेकर हड़ताल पर बैठे हुए है, जबतक छत्तीसगढ़ शासन द्वारा हमारी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं किया जाता है तब तक हम सभी स्वास्थ्य कर्मचारी संघ अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे रहेंगे । इनके द्वारा बताया गया की आज दिनांक 4 जुलाई 23 को कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक पोस्टर्टम कराने हेतु ग्राम पंचायत जवाहर नगर का किसी व्यक्ति का शव सुबह से आया हुआ है , हम सभी स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हड़ताल पर है , फिर भी मानवता का परिचय देते हुए 3 बजे दोपहर के बाद हमारे स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पोस्टमार्टम करने वाले कर्मचारी द्वारा पोस्ट मार्टम किया जाएगा , जिससे इस व्यक्ति का पोस्ट मार्टम किया जा सके तथा मानवता बचा रहें।

कुसमी बी एम ओ राकेश सिंह ठाकुर से इस हड़ताल के बारे में पूछे जाने पर बताया गया कि स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हड़ताल पर है ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का स्वास्थ्य कार्य ठप पड़ा हुआ है , आज एक शव काफी समय से पोस्टमार्टम के लिए कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आया हुआ है, स्वास्थ्य कर्मचारियों के हड़ताल की इस वजह से अभी तक शव का पोस्टमार्टम नही हो पाया है, मेरे द्वारा बार बार निवेदन करने के पश्चात स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा मानवता का परिचय देते हुए अभी शव पोस्ट मार्टम करने हेतु 3 बजे के बाद स्वास्थ्य कर्मचारी को भेजने को तैयार हुए है , स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के इस हड़ताल से सभी जगह स्वास्थ्य केंद्र में कार्य काफी बाधित हो रहा है। आज के इस दुर्गा चौक कुसमी में बैठे हुए स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के हड़ताल में प्रांतीय संगठन सचिव अरुण तिवारी, संजीव कुमार भगत जिला उपाध्यक्ष , जिला सलाहकार दशरथ गुप्ता ,सुरेंद्र पाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,बसंत सिंह संभागीय संगठन मंत्री ,कविता सोलंकी ब्लॉक अध्यक्ष, बिनोद कुमार ब्लॉक कोषाध्यक्ष ,विनोद गुप्ता ब्लॉक सचिव ,सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के कर्मचारी हड़ताल पर बैठ कर अपनी 4 सूत्रीय मांगों के लिए मांग पर अडिग है।

# पूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया मनुष्य जीवन की उन्नति गुरू के बिना असंभव

जोहार छत्तीसगढ़– रतनपुर।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय रतनपुर में प्रति वर्ष की भांति गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस पावन अवसर पर गायत्री प्रज्ञा पीठ नवांगाव रतनपुर के यज्ञाचार्य शिवरचरण साहू जी के द्वारा एक कुंडिय गायत्री यज्ञ के माध्यम से गुरूसत्ता के लिए आहूति दी गई विद्यालय के प्राचार्य मुकेश श्रीवास्तव ने महर्षि वेदव्यास के जीवन प्रसंग एवं गुरु पूर्णिमा के महत्व के बारे मे अपने विचार रखते हुए बताया की गुरु पूर्णिमा के दिन ही महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। इसी कारण इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं, हिंदू धर्म में वेदव्यास जी को प्रथम गुरु का दर्जा दिया गया है। कहते हैं सबसे पहले मनुष्य को वेदों की





शिक्षा व्यास ने ही दी थी। जीवन में गुरु के ज्ञान के बिना मानव जीवन की उन्नति असंभव है, गुरु हमारे प्रेरणा दायक होते हैं,गुरु का स्थान भगवान से भी ऊंचा होता है। गुरु हमारे पथ प्रदर्शक एवं ब्रह्म ज्ञान तक पहुंचाने वाले होते हैं। हवन के पश्चात विद्यालय के व्यवस्थापक डॉ. सुनील जायसवाल एवं सहव्यवस्थापक सुरेश सोनी ने आचार्य परिवार का श्रीफ ल एवं लेखनी प्रदान कर सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य योगेश गुप्ता, सूर्यकांत यदू,तुषार गुप्ता, तृप्ति बघेल मणि फांसे, वर्षा श्रीवास्तव,कु.कीर्ति कहरा,आकांक्षा कहरा,नंदनी विकास यादव, राजेश्वरी कश्यप,उपस्थित रहे। सर्वेभवन्तु सुखीन:के समवेत पाठ से यज्ञ में पूर्णाहुति समर्पित की गई।

# छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही – श्याम सुंदर अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़– सक्ती।

छत्तीसगढ़ राज्य में कॉग्रेस सरकार ने शिक्षा शिक्षा के क्षेत्र बेहतर प्रयास की और प्रत्येक स्कूलों में व्यवस्थित रूप से शिक्षा का संचालन हो उक्त विचार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय शक्ति में सरस्वती योजना के अंतर्गत साईकिल वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कही अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने शक्ति विधानसभा में शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया है पूरे छत्तीसगढ़ में उदाहरण है नगर पालिका क्षेत्र शक्ति में तीन आपका नाम विद्यालय एवं बाराद्वार में एक स्वामी आत्मानंद विद्यालय के साथ.साथ सारा गांव में भी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय



खोला गया है यहां पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा मिलती है यह इस बात का उदाहरण है कि आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय शक्ति के छात्र ने हायर सेकेंडरी की परीक्षा में टॉप टेन में संस्कार देवांगन का नाम शुमार हैं शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि अधिवक्ता गिरधर जायसवाल ने कहा कि छात्र–छात्राओं को साला आने में असुविधा ना हो इसके लिए शासन ने नवमी के प्रत्येक छात्र–छात्राओं को साइकिल प्रदान कर रही है साइकिल वितरण के अवसर पर छात्राओं के अलावा छात्रों को भी साइकल प्रदान की गई इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पीयूष राय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार वर्षों से जर्जर हालत के स्कूलों में मरम्मत कार्य कर नया रूप दिया जा रहा है भाजपा ने शिक्षा का व्यवसायी करण के दिया था अब गरीब परिवार के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में शिक्षा मिल रहा है नि:शुल्क साइकल वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रवीण सिंह राजपूत पूजा सिंगर ज्योति प्रियंका नितिशा जागृति लोकमा युद्धवीर राठौर प्रमोद कुमार मणिशंकर नरेंद्र राठौर सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाएं की उपस्थिति रही।

# पहाड़ी कोरवा युवती को योग्यतानुसार शासकीय विभाग में नौकरी कराएं उपलब्ध-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़– कोरबा।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज आयोजित कलेक्टर जनचौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचें लोगों से कलेक्टर संजीव कुमार झा ने मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आवेदकों ने बारी बारी से कलेक्टर झा के समक्ष अपनी शिकायतें प्रस्तुत कर निराकरण की मांग की। शासकीय कार्यालय में नौकरी की मांग लेकर कोरबा विकासखण्ड के ग्राम आंछीमार की रहने वाली पहाड़ी कोरवा युवती छत्तकुंवर कलेक्टर जनचौपाल में पहुंची। कलेक्टर को आवेदन देते हुए



बताया कि उसने स्नातक एवं डीसीए की पढ़ाई की है। उसका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर एवं परिवार की जीवकोपार्जन का मुख्य जरिया रोजी.मजदूरी है। युवती ने योग्यतानुसार शासकीय कार्यालय में नौकरी दिलाने की कलेक्टर से मांग की। इस पर कलेक्टर झा ने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवाओं के पात्र शिक्षित युवाओं को विभिन्न कार्यालयों में रिक्त पदों पर भर्ती प्रदान की जा रही है। उन्होंने आवेदन को गंभीरता से लेते हुए सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग को युवती को योग्यतानुसार रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार पोड़ी,उपरोड़ा विकासखण्ड के ग्राम बनिया की दिव्या कुमारी ने बताया कि वह कोरबी के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की कक्षा आठवीं की छात्रा है। उसके घर से विद्यालय की दूरी 15 किलोमीटर से अधिक है एवं हाथी प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत आता है। जिससे उसे विद्यालय आने जाने में बहुत दिक्कत होती है। इस हेतु उन्होंने कन्या छात्रावास में प्रवेश दिलाने के लिए आवेदन प्रेषित किया। कलेक्टर झा ने आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एसी ट्राईबल को छात्रा दिव्या को विद्यालय के समीप कन्या छात्रावास में प्रवेश दिलाने के लिए कहा। जनचौपाल में आज 180 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें आवेदकों द्वारा रोजगार प्रदाय, स्वास्थ्य इलाज हेतु सहायता, स्वामी आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश,आपराधिक प्रकरण की जांच,आर्थिक सहायता, मुआवजा दिलाने, मजदूरी भुगतान, लंबित राशि का भुगतान, वन अधिकार पट्टा दिलाने, बिजली कनेक्शन, सड़क पर ब्रेकर बनाने, शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने, नामांतरण, नक्शा दुरूस्तीकरण, भूमि सीमांकन, राशनकार्ड, जाति प्रमाण पत्र, रोजगार प्रदाय की मांग जैसे अन्य आवेदन शामिल है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू सहित सभी एसडीएम एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## एक नजर

# मयंक सिंह ने 62 किलो वर्ग में 61.3 किलो बॉडीवेट के साथ 460 किलो वजन उठा कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया

जोहार छत्तीसगढ़–एमसीबी।




मनेद्रगढ़ वार्ड क्रमांक 11 महेंद्र प्रताप सिंह पुत्र मयंक सिंह ने वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग इंडिया एवं छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अंतर्गत में दुर्ग पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तरफ से अयोजित, राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता 1 और 2 जुलाई को दुर्ग शहर के स्वामी विवेकानन्द हॉल, पद्मनाभपुर में हुआ। जिसके जिले के पावरलिफ्टर मयंक सिंह नेए 62 किलो वर्ग में 61०3 किलो बॉडीवेट के साथ 460 किलो वजन उठा कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। साथ ही ओपन बेंच प्रेस में भी भाग ले कर 100 किलो की बेंच लगा कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया और ओपन डेडलिफ्ट में भी भाग ले कर 210 किलो की डेडलिफ्ट लगा कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी के साथ अपने बॉडीवेट से 7.5 गुना वजन उठा कर स्टेट स्ट्रॉन्गमेन सीनियर वर्ग में जीत हासिल कर ट्रॉफी भी जीती। महज 24 साल की आयु में ये उनका पांचवा गोल्ड मेडल रहा, इस्से पहले वो जूनियर वर्ग में भी भाग ले कर गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुके हैं।

# 28 वर्षीय युवक की सर्प दंश से हुई मौत

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।

कोटा नगर के सूदनपारा में सर्प दंश से 28 वर्षीय युवक की मौत ही गयी है। युवक 03 जुलाई 23 की शाम सड़क किनारे लेटा हुआ था। इसी दौरान जहरीले सांप ने उसे काट लिया जिसके बाद युवक की मौत हो गयी। जिसकी सूचना परिवार वालो ने कोटा पुलिस दी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक



जगल लाल सौरा पिता नंद लाल सौरा 28 वर्ष निवासी लालपुर वह कोटा नगर के सूदनपारा में सड़क किनारे लेटा हुआ था। उसी दौरान जहरीले सर्प के काट लिया जिसके बाद युवक की मौत हो गयी। इसकी जानकारी परिजनों को होने के बाद कोटा पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मृतक के शव का मर्ग कायम कर युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम हो जाने के बाद कोटा पुलिस मृतक का अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजनों को सौंप दिया है।

# 5 वर्षीय मासूम बच्ची की दीवार में दबने से हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।

ग्राम पंचायत लिटिया में 5 वर्षीय मासूम बच्ची के ऊपर गिरी मिट्टी की दीवार गिर गयी जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल अवस्था मे परिजनों बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा लेकर पहुचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतका के माता–पिता घर



निर्माण कार्य कर रहे थे मृतका प्रिया 5 वर्ष वही पास में ही खेल रही थी। इसी दौरान मिट्टी की दीवार भरभराकर गिर गयी जिसमे प्रिया गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल अवस्था मे परिवार वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कोटा पुलिस ने मृतका के शव का मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय रायपुर में संगीत व चित्रकला में स्नातक के लिए प्रवेश प्रारंभ

**कोरबा** । शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय माना कैम्प, रायपुर में सत्र 2023–24 के लिए संगीत एवं चित्रकला में स्नातक की उपाधि हेतु प्रवेश प्रारंभ है। जिले में निवासरत समस्त 12वीं उत्तीर्ण दिव्यांगजन (श्रवणबाधित, दृष्टिबाधित एवं अस्थिबाधित) शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय माना कैम्प रायपुर में अपनी रूचि अनुसार विधा चयन कर स्नातक स्तर की शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही अपने रोजगार प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे।

उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय में कोर्स के अंतर्गत बी.पी.ए. (बैचलर ऑफपरफॉर्मिंग आर्टस) के अंतर्गत मुख्य विषय में गायन–तबला उपलब्ध है।

# ब्लाइंड मर्डर केस में 48 घंटे के भीतर आरोपियों को पुलिस ने लिया हिरासत में

## सायबर सेल और जूटमिल पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता, एफएसएल अधिकारियों और डॉग स्क्वॉड की रही सक्रिय भूमिका

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़ ।

30 जून की रात शिवम मोटर्स में काम करने वाले अकाउंटेट मनीष पंडा के मोबाइल अचानक बंद होने और घर वापस ना आने पर उसके परिजनों द्वारा जूटमिल थाना आकर गुम इंसान दर्ज कराया गया जिसके बाद पतासाजी के दौरान 01 जुलाई के शाम थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत नेश्नल हाईवे 49 पर अमलीभौना रोड किनारे गढ़उमरिया के रहने वाले मनीष कुमार पंडा पिता भरत भूषण पंडा उम्र 35 वर्ष का शव मिला था । मामले की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारीगण के साथ, थाना जूटमिल पुलिस, साइबर सेल, एफएसएल की टीम, डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे । प्रथम दृष्टया घटनास्थल एक्सीडेंटल स्पॉट जैसा दिखाने का प्रयास किया गया था परन्तु पंचनामा कार्यवाही के दौरान घटनास्थल और शव का बारीकी से निरीक्षण करने पर मामला हत्यात्मक प्रवृत्ति के होना का संदेह शुरू से ही पुलिस एवं परिजनों को हो गया था, जिसकी पुष्टि एफएसएल अधिकारी की राय और पोस्ट मार्टम रिपोर्ट से भी हुई । जूटमिल पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के मार्गदर्शन में जुटमिल पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम को प्रकरण में अग्रिम जांच और आरोपियों की पतासाजी हेतु लगाया गया । सायबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम सीसीटीवी फुटेज की जांच करने हेतु एक टीम फारेंसिक



**पुरूष मित्र से पीछा छुड़ाने आरोपित युवती ने अपने पुराने पुरूष मित्र के साथ प्लानिंग कर दिया था हत्या को अंजाम**

अधिकारियों की मदद से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाने हेतु तथा एक टीम टेक्निकल एनालिसिस हेतु लगाई गई । शुरूवाती पूछताछ में मृतक के वारिसान बताये कि 30 जून के सुबह प्रतिदिन की तरह मनीष अपने बजाज पल्सर मोटर साइकिल से ड्यूटी गया था, दोपहर घर खाना खाने आया और फिर ड्यूटी चला गया रात को मनीष ने मां पत्नी बच्चों से वीडियो कॉल कर जल्दी घर आने की बात कही थी और अचानक उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया घरवाले उसके ऑफिस जाकर पता किए तो गार्ड बताया कि मनीष काफी पहले चला गया था । जांच टीम मनीष के कार्यस्थल तथा उसे जान परिचित प्रत्येक व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही थी । इसी बीच जांच टीम को कबीर चौक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाली सरिता पटेल से मनीष पंडा के संबंध होने की जानकारी मिली । सरिता पटेल मनीष पंडा के साथ पूर्व में काम करती थी । सरिता पटेल ने प्रारंभिक पूछताछ में 30 जून को मनीष पंडा से मिलने की बात से साफ इंकार किया परन्तु जब पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को दिखाकर हिकमत अमली से उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि पहले उसने मनीष को सोशल मीडिया पर कॉल करके अपने घर के पास कबीर चौंक जाकर मिलना और आगे के घटनाक्रम के वृतांत के संबंध में पुलिस को सम्पूर्ण जानकारी दी।

आरोपिया के बताये अनुसार शिवम मोटर्स के उसके पुराने सहकर्मी मनीष पंडा के साथ मित्रता पूर्व से थी जिसकी जानकारी मनीष की पत्नी को होने पर पूर्व में विवाद भी हुआ था । काम के दौरान जब उसकी मनीष से नजदीकियां बढाने लगी मनीष उस पर पत्नी की तरह हक जताने लगा जिससे मनीष से दूरी बनाने लगी । मनीष को रास्ते से हटाने के लिये अपने पुराने फ्रेंड महेंद्र पटेल निवासी हरदी झरिया से संपर्क की और पूरी बात बताई । महेंद्र और सरिता ने मनीष पंडा को रास्ते से हटाने के लिए योजना बनाये । योजना के मुताबिक 30 जून की रात सरिता सोशल मीडिया अकाउंट से कॉल कर मनीष को घर के पास बुलाई और उसके साथ बाइक में बैठकर ट्रांसपोर्ट नगर नेशनल हाईवे 49 की ओर जाने लगी, प्लान के मुताबिक रास्ते में महेंद्र पटेल अपनी कार में मिला, रास्ते में मनीष पंडा मोटरसाइकिल को खड़ी कर उनके साथ कार में बैठा और तीनों कार में बैठकर मुख्य सड़क से उतर कर जिंदल सीमेंट प्लांट के पीछे कच्ची सड़क की ओर जाकर एक स्थान पर रूक गये । जहां सरिता और मनीष के बीच कहासुनी हुई विवाद बढ़ने लगा फिर दोनों के मध्य हाथापाई के बीच सरिता और महेंद्र पटेल ने मिलकर कार में रखे जैक पाना, राड से मनीष पंडा के सर पर ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दिए । उसके बाद गाड़ी में शव को रखकर मोटरसाइकिल के पास लाकर छोड़ दिए घटना के बाद फरार आरोपी महेंद्र पटेल को पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी । पुलिस के बढ़ते दबाव के बीच आरोपी महेंद्र पटेल को ग्राम धनागर के पास मुखबिर सूचना पर आज हिरासत में लिया जिसने आरोपिया सरिता के साथ मिलकर मनीष पंडा की हत्या की बात कबूल किया है । आरोपी महेन्द्र के घर से घटना में प्रयुक्त कार, आरोपिया के पहने कपडे, जूते, मुख्य घटनास्थल से खून आलूदा मिट्टी, शर्ट का एक बटन की जप्ती की गई है । जूटमिल पुलिस आरोपी महेंद्र पटेल का पुलिस रिमांड लेकर सभी अन्य साक्ष्यों जब्ती कार्यवाही किया जावेगा । अंधे कत्ल के 48 घंटे के भीतर खुलासे में थाना प्रभारी जूटमिल रामकिंकर यादव, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम, उनि कमल पटेल, एएसआई भागीरथी चौधरी, प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, बृजलाल गुर्जर, रेणु मंडावी, आरक्षक महेश पंडा, प्रशांत पंडा, विकास प्रधान, सुरेश सिदार, नवीन शुक्ला, धनंजय कश्यप, पुरूपेन्द्र जाटवर, विक्रम सिंह, रविन्द्र गुप्ता, प्रताप बेहरा, महिला आरक्षक मेनका चौहान, महिला आरक्षक प्रियंका मिंज, बनारसी सिदार, धर्नुजय बेहरा, लखेश्वर पुरसेठ, विनय तिवारी की अहम भूमिका रही है।

# विधानसभा धरमजयगढ़ चुनाव में किस पार्टी से कौन!

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जोड़ घटाव शुरू हो चुका है। सभी पार्टी अपनी-अपनी राग अलाप रहे हैं। कांग्रेस पुनः सरकार बनाने का दावा कर रही है तो भाजपा उखाड़ फेंकने की बात कह रही है। वहीं आप पार्टी भी हुंकार भरने लगी है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव नवंबर में होने की संभावना है। जो राजनीतिक परिदृश्य से गिनती के दिन बच गए हैं। सभी पार्टी बैठक, सम्मेलन, आमसभा सहित सभी तरह के तैयारी शुरू कर दिए हैं। लेकिन नेताओं की नजर तो अपनी टिकट पर टिकी है। धरमजयगढ़ विधानसभा में भी इस बार दोनों पार्टियों से कई दावेदार सामने आ सकते हैं। जहां भाजपा में दावेदारों की लंबी लिस्ट है, वहीं कांग्रेस से भी कई लोग टिकट की लाइन में लग गए हैं। जिसका एक मुख्य कारण यह भी है कि कुछ दिन पहले आए सर्वे में कांग्रेस को जीतने के लिए विधायक का चेहरा बदलने की बात कही गई है।

## आइए जानते हैं धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में किस पार्टी से किस नेता की चर्चा हो रही



☛ लालजीतसिंह राठिया, विधायक एवं केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त दूसरी बार विधायक चुने गए हैं। पहली बार विधायक बने तब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार थी। अभी कांग्रेस सरकार में मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नियुक्त कर केबिनेट मंत्री दर्जा दिया गया है। इन्हें राजनीति विरासत में मिली है। इनके पिता स्वर्गीय चनेश राम राठिया इस क्षेत्र से कई बार विधायक चुने गए। वहीं मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ शासन में केबिनेट मंत्री रहे।



☛ कन्याकुमारी नरेश राठिया जनपद सदस्य जो पूर्व में कांग्रेस समर्थित जनपद अध्यक्ष रह चुकी हैं। इस बार पुनः जनपद सदस्य चुनकर आई है लेकिन अध्यक्ष नहीं बन सकी। बताया जाता है कि दोबारा अध्यक्ष बनने से विधायक टिकट के लिए मजबूत दावेदार बन सकती है। हालाकि राठिया की क्षेत्र में अच्छी पकड़ है।



☛ स्वराज मनोहर रोहणी प्रताप राठिया पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता स्व रोहिणी प्रताप सिंह राठिया के छोटे भाई स्वराज मनोहर रोहिणी प्रताप राठिया धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19 से कांग्रेस समर्थित विधायक के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं। स्वराज राठिया उभरते हुए युवा नेता है जो क्षेत्र की जनता से संपर्क बनाए हुए हैं।



☛ बलवंत तिग्गा सदस्य जिला पंचायत क्षेत्र 25 जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 25 के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी को पराजित कर तिग्गा जिला पंचायत रायगढ़ पहुंचे हैं। बता दें कि धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में राठिया समाज के अलावा ईसाई समाज की अच्छी खासी संख्या है। विधायक बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस समाज का झुकाव कांग्रेस की ओर माना जाता है। तिग्गा इसी वर्ग से आते हैं और युवा नेता है। इनकी समाज में इन्हें भावी विधायक माना जा रहा है।



☛ ओंकार राठिया स्वर्गीय चनेश राम के छोटे पुत्र एवं लालजीत सिंह राठिया के भाई हैं। यदि पार्टी विधायक का चेहरा बदलती है तो इनके ऊपर भी दांव लगा सकती है। इनके करीबियों की माने तो राठिया पिता के विरासत को आगे बढ़ाने की इच्छा जाहिर कर चुके हैं। वर्ष भर पहले हुए जिला लघु वनोपज सहकारी समिति धरमजयगढ़ के अध्यक्ष के लिए इनकी दावेदारी की बात सामने आ रही थी। लेकिन कांग्रेस ने दूसरे व्यक्ति को मैदान में उतारा था।



☛ हरिशचंद्र राठिया पूर्व जिला पंचायत सदस्य बहुत कम उम्र से ही राजनीति में सक्रिय हैं। सरपंच पद से अपनी राजनीति की शुरुआत करने वाले राठिया जिला पंचायत में सभापति भी रहे। भारतीय जनता पार्टी के कई पदों के साथ-साथ अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। विधायक के लिए कई बार इनका नाम सामने आया लेकिन पिछले चुनाव में इनकी टिकट पक्की मानी जा रही थी। इस बार फिर इनके नाम की चर्चा हो रही है।



☛ राधेश्याम राठिया महामंत्री जिला किसान मोर्चा एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य जो जनपद अध्यक्ष घरघोड़ा भी रह चुके हैं। भाजपा की राजनीति में सक्रिय राठिया जिला किसान मोर्चा के महामंत्री का दायित्व निभा रहे हैं। बताया जाता है कि पिछले चुनाव में भी भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व तक इनकी नाम की चर्चा हुई थी। राठिया क्षेत्र में बहुत ही सक्रिय नजर आते हैं।



☛ रजनी राठिया, जिला मंत्री भाजपा जो पिछले कार्यकाल में जिला पंचायत रायगढ़ क्षेत्र क्रमांक 22 से सदस्य चुनी गई थी। भारतीय जनता पार्टी में महिला नेत्री के रूप में कार्य कर रही है। जिन्हें भाजपा जिला मंत्री का दायित्व दिया गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में भी टिकट की दौड़ में शामिल थी।



☛ संतोष कुमार राठिया घरघोड़ा क्षेत्र से एक मात्र जिला पंचायत सदस्य सीट में जीत हासिल की है। पिछले कार्यकाल में ग्राम पंचायत बैहामुड़ा सरपंच रहे। युवा आदिवासी नेता के रूप में उभर कर सामने आ रहे हैं। भाजपा की राजनीति में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए क्षेत्र में अलग ही पहचान बना चुके हैं।



☛ भारतीय जनता पार्टी मंडल धरमजयगढ़ में कोषाध्यक्ष का दायित्व निभा रहे किशोर कुमार राठिया को प्रदेश युवा मोर्चा में कार्यसमिति सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राठिया जनपद पंचायत सदस्य भी हैं। जो जनपद अध्यक्ष के लिए भाजपा की ओर से प्रत्याशी घोषित किए गए थे।



☛ तारासिंह राठिया पूर्व अध्यक्ष अजजा आयोग छत्तीसगढ़ शासन, धरमजयगढ़ विधानसभा में भाजपा को मजबूत बनाने वाले प्रमुख नेताओं में इनका नाम शामिल है। 2003 के चुनाव में भाजपा की सरकार बनी तो इन्हें अजजा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त कर केबिनेट मंत्री दर्जा दिया गया था। हालाकि विधायक टिकट की दौड़ में ये सबसे आगे थे, लेकिन ओमप्रकाश राठिया को टिकट मिल गया। इसलिए इन्हें अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। राठिया अभी भी पार्टी में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।



☛ रामनाथ बैगा जिला अध्यक्ष भाजपा अजजा मोर्चा रायगढ़ दूसरी बार जिला पंचायत सदस्य चुने गए हैं। पहली बार निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुने हुए थे। जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रति विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिसके बाद हुए चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवार बनकर मैदान में उतरे जहां बड़ी जीत हासिल की। पार्टी ने इन्हें अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बैगा समाज की अच्छी जनसंख्या है। चुनाव में निर्णायक भूमिका रहती है। जिस कारण से रामनाथ बैगा भी मजबूत दावेदारी कर सकते हैं।

*बता दें कि इस विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी भी चुनाव लड़ चुकी है। इस बार भी चुनाव की तैयारी में जुट गई है। वहीं बसपा, सपा भी उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। इस बार सर्व आदिवासी समाज भी चुनाव में भाग्य आजमाने की बात कह रही है। हालाकि इन सभी पार्टी से कोई प्रमुख दावेदार अभी सामने नहीं आया है। खैर धरमजयगढ़ विधानसभा में अभी कुछ वर्षो तक क्षेत्रीय पार्टी का दबदबा नहीं दिख रहा है। यहां भाजपा एवं कांग्रेस में ही टक्कर होगी।*

## एक नजर

### कोतवाली पुलिस ने चोरी की मोटर सायकल के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।



बाइक चोरी पर अंकुश लगाने की ओर कोतवाली पुलिस ने आज एक और बाइक चोर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है । आरोपी भोले शंकर केंवट पिता का नाम जीवन प्रकाश केवट उम्र करीब 32 वर्ष निवासी पनघट पारा डबरा, थाना डबरा, जिला सक्ती को तमनार पुलिस के पास से जप्त की गई बाइक को उसने इसी साल फरवरी में स्टेशन रोड़ पर के.के. बार के सामने से चोरी करना बताया है । तमनार पुलिस ने आरोपी भोले शंकर केंवट से स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल CG 13 S 4987 की जप्ती कर धारा 41(1+4)CrPC/379 IPC की कार्रवाई कर चालान किया गया था । आरोपी से बरामद की गई मोटर सायकल थाना कोतवाली के अपराध से संबंधित होने पर कोतवाली पुलिस ने माननीय न्यायालय से थाना तमनार की इस्तगासा क्रमांक धारा 41(1-4) जा0फौ0/379 भारतीय दंड विधान की डायरी थाना सिटी कोतवाली के मूल अपराध में गिरफ्तारी की अनुमति लेकर आज 3 जुलाई 2023 को गिरफ्तार कर ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा गया है ।

### युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नए थाना प्रभारी से की भेंट

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



भारतीय जनता युवा मोर्चा धरमजयगढ़ के कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी से सप्रेम भेंट की। नव पदस्थ थाना प्रभारी अमित कुमार तिवारी को कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। वहीं क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर युवा मोर्चा अध्यक्ष लीलाम्बर यादव, महामंत्री विद्या साहू कोषाध्यक्ष विशाल जेठानीए सतीश भारतीए निमाई मंडलए बलराज यादवए भुनेश्वर यादव सहित अनेक युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# असामाजिक तत्वों पर चक्रधरनगर पुलिस सख्त

टीवी टावर रोड़ पर हथियार लहरा रहे युवक पर आर्म्स एक्ट में कार्रवाई कर भेजा जेल

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।



एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर चक्रधरनगर पुलिस क्षेत्र में पेट्रोलिंग व सूचनातंत्र सुदृढ कर असमाजिक तत्वों पर लगातार कार्रवाई किया जा रहा है । इसी क्रम में आज दोपहर चक्रधरनगर टीआई प्रशांत राव आहेर को मुखबिर ने सूचना दिया कि टीवी टवर हनुमान मंदिर के पहले मेन रोड सार्वजनिक स्थान पर एक युवक हाथ में धारदार हथियार को लहरा कर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है । टीआई ने तत्काल थाने से स्टाफ तस्दीकी कर कार्रवाई के लिये भेजा । चक्रधरनगर पुलिस की टीम ने मौके पर आरोपी राहुल सिंह राजपूत पिता चन्द्रमा सिंह राजपूत उम्र 35 वर्ष साकिन दुर्गा मंदिर टीवी टवर रोड़ चक्रधरनगर को एक धारधार चाकू के साथ हिरासत में लेकर थाना लायी । आरोपी के कृत्य पर थाना चक्रधरनगर में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड बाद जेल भेजा गया है । कार्रवाई में प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू एवं पेट्रोलिंग स्टाफ शामिल थे ।

# डी ए,गृह भाड़ा भत्ताएं वेतन विसंगति सहित कई मांगों को लेकर 7जुलाई को धरना वा रैली

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।



एक बार पुनः प्रदेश के समस्त कर्मचारी या अधिकारी डी.ए, गृह भाड़ा भत्ताएं विभिन्न विभागों की वेतन विसंगति] प्रथम नियुक्ति तिथि से पुराना पेंशन पदोन्नति सहित कई माङ्गो को लेकर धरना प्रदर्शन रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इस संबंध में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला सचिव कैलाश रामटेके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष कमल वर्मा के निर्देश पर जिला संयोजक के.डी. राय की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुये। बैठक में जिला संयोजक के.डी. राय द्वारा बताया गया कि बीजापुर जिले के चारों विकास खण्डों में धरना प्रदर्शन रैली के माध्यम से ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा जावेगा या जिला मुख्यालय में कलेक्टर को सौंपा जावेगा। समस्त कर्मचारी या अधिकारी 7 जुलाई को सामूहिक अवकाश लेंगे। इस संबंध में समस्त ब्लॉक पदाधिकारी तैयारी कर लेवें। ज्ञात हो कि राज्य के कर्मचारी अभी भी केंद्र से 9 प्रतिशत मंहगाई भत्ता कम मिल रहा है साथ ही गृह भाड़ा भत्ता सातवें वेतन मान के अनुरुप 2016 से मिलना है। पुरानी पेंशन प्रथम नियुक्ति तिथि से प्रमुख मांगे हैं। बैठक में वन कर्मचारी संघ के लोकेश रेड्डी, छ.ग. स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के सदाशिव दुर्गम, छ.ग. शिक्षक संघ से के.डी. राय, शशि उप्पल, छ.ग. स्वास्थ्य संयोजक संघ के फारुख शेख, सहायक शिक्षक फेडरेशन रमन झा छ.ग. शालेय शिक्षक संघ से कैलाश रामटेके उपस्थित थे।

# 7 जुलाई को धरमजयगढ़ के सैकड़ों कार्यकर्ता जाएंगे रायपुर

पीएम मोदी के आम सभा में होंगे शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



छत्तीसगढ़ की धरा पर प्रधानमंत्री मोदी का आगमन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 7 जुलाई को रायपुर के साईंस कॉलेज ग्राउंड में आमसभा आयोजित है। जिसमें धरमजयगढ़ क्षेत्र से भी सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिसकी तैयारी को लेकर पदाधिकारियों की बैठक की गई। बैठक में पदाधिकारियों अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। 6 जुलाई को रात्रि धरमजयगढ़ से रायपुर के लिए कार्यकर्ता प्रस्थान करेंगे। जहां 7 जुलाई को सुबह 10 बजे आमसभा में शामिल होंगे। बता दें कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बड़े राजनेताओं का छत्तीसगढ़ दौरा शुरू हो गया है। जिसमें पिछले सप्ताह ही भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का बिलासपुर में आमसभा हुआ था।

# एसडीएम ने नगर पंचायत अध्यक्ष को दिलाई शपथ

विधायक लालजीत सिंह राठिया सहित कांग्रेसी नेता रहे उपस्थित

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।






नगर पंचायत धरमजयगढ़ अध्यक्ष के लिए पुनः निर्विरोध निर्वाचित हुई तरुण श्याम साहू ने शपथ ग्रहण की। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ डिगेश पटेल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिसके बाद विधायक सहित उपस्थित सभी लोगों ने अध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शपथ ग्रहण के बाद विधायक राठिया ने नगर पंचायत द्वारा सफाई के लिए खरीदी गई। स्वीपिंग मशीन का पूजा अर्चना कर लोकार्पण किया। विधायक स्वयं ट्रेक्टर को चलाते हुए बस स्टैंड में सफाई की। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत घरघोड़ा सुरेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष उस्मान बेग, मनदीप सिंह कोमल, गौरीशंकर राठिया, शिव शर्मा, यूसुफ छाया, सत्यदेव गुप्ता, किरोड़ी तायल, गगनदीप सिंह कोमल, हाफि ज उल्लाह खान, पार्षद, एल्डरमेन, कांग्रेसी कार्यकर्ता, नगर पंचायत के कर्मचारीगण सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भैंसा चोरी करने वाला आरोपी जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




भैंस चोरी मामले में आरोपी को न्यायायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। मामले में प्रार्थी मधुसुदन यादव पिता माधव यादव उम्र 70 वर्ष झूलनबर धरमजयगढ निवासी ने थाने में एफ आईआर दर्ज कराई है। जिसमें कहा है कि वह 4 भैंसा, 4 भैंस, 2 छोटा बच्चा को दुध व खाद के लिये पाले हैं। सभी मवेशी 9 जून 2023 को 3 बजे सभी नदी किनारे चरने गये थे। शाम 5 बजे उसका दामाद विघाधर यादव भैंस, भैंसा को नदी किनारे लेने गया। तो नदी तरफ से वापस आकर बताया कि भैंसा नहीं मिला। 10 जून को घर के सभी सदस्य आसपास गांव एवं नदी किनारे ढूंढे कहीं पता नहीं चला। रहे थे। तभी ढूढ़ंते-ढूढंते ग्राम कटाईपाली पहुंचे जहां सीलू राउत और अली खान निवासी ग्राम लिबरा थाना लैलूंगा से भैंसा के बारे में पूछे तब उन्होंने बताया कि उपेन्दरो यादव निवासी जामझोर कोतबा जिला जशपुर 10 जून 2023 को सुबह 8.10 भैंसा ले जा रहा था। जिसके माथे पर सफेद रंग का टिकली निशान, एक भैंस के गले में घंटी बंधा हुआ है। जिसे कहां से खरीदकर ला रहे हो पूछे तो उपेन्दरो ने उन्हें बताया कि धरमजयगढ़ से खरीदकर ला रहा हूं। उनके बताए अनुसार वह समझ गया वो मेरा ही भैंसए भैंसा है। जिसके बाद थाना आकार 2 जुलाई 2023 को एफ आईआर दर्ज कराया। जिस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 167/23 पशु चोरी करने धारा 379 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया। जिसके मामले में आरोपी उपेंद्र यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय ने पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in